हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 42.8 |
| माना | 43.9 |
| बिलासपुर | 42.0 |
| पेंड्रा | 37.4 |
| अंबिकापुर | 36.0 |
| जगदलपुर | 38.6 |
| दुर्ग | 44.5 |
| राजनांदगांव | 46.0 |



# प्रदेश में तापमान थोड़ा कम, पर हवा झुलसाने वाली इधर, सीजन में कम बारिश से चिंता भी

- जून के पहले सप्ताह में बढ़ेगी मानसून की चाल, अलनीनो का रह सकता है असर
- राजधानी में कम हुआ पारा पर माना में 44 के तेवर, नांदगांव में सर्वाधिक 46 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से तापमान में थोड़ी कमी तो हो रही है, मगर इससे तेज गर्मी में बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है। अलनीनो का असर रहने की वजह से इस सीजन में कम बारिश का अनुमान है, जो चिंता का कारण बन सकता है। शुक्रवार को राजधानी का



तापमान कम हुआ, मगर माना में 44 और राजनांदगांव के 46 डिग्री के टेंप्रेचर में कमी नहीं हुई। मध्य इलाके में अभी गर्मी का बड़ा असर नहीं हुआ है, मगर तापमान में थोड़ी कमी आने लगी है। शुक्रवार को रायपुर में धूप की तेजी में कमी नहीं हुई, मगर तापमान 43 डिग्री से नीचे चला गया। राजनांदगांव में गर्म हवा ने असर दिखाया और वहां लू जैसे ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बंगाल की खाड़ी के ऊपर घेरा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरूनी ओडिशा तक राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद है। एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सभी संभागों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोप में पार्षद सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में 22 मई से गायब युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने मंदिर हसौद के पार्षद सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पार्षद का मामा भी शामिल है, जिसने लाश दफनाने में आरोपियों की मदद की थी। भुवनेश्वर यादव की हत्या के आरोप में पुलिस ने पार्षद नोहर दास उर्फ गोलू रात्रे, अमित राजपूत, टेमचंद बंजारे तथा पार्षद के मामा महासमुंद निवासी श्रवण जांगड़े को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि शराब पीने वे सभी कार में निकले थे। इस दौरान भुवनेश्वर ने शराब के नशे में पार्षद को एक थप्पड़ मार दिया और उसके साथ गाली-गलौज की। इससे नाराज पार्षद तथा उसके तीन साथियों ने भुवनेश्वर की बुरी तरह से पिटाई की। पिटाई के दौरान भुवनेश्वर की मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने भुवनेश्वर की लाश को रेत घाट में दफना दिया था।

### ऑनलाइन सट्टा सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते एक सटोरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टे की रकम 20 हजार रुपए जब्त की है। पुलिस ने कुशालपुर निवासी राजू देवांगन को सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजू कंकाली तालाब के पास स्कूटर में बैठकर अपने मोबाइल से आईपीएल में ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा संचालित कर रहा था।

### शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 12 लाख की ठगी

**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 12 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। धनेली निवासी राजेंद्र पाण्डेय ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उससे सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर शेयर बाजार में रकम निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा दिया और किस्तों में अपने अकाउंट में रकम जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

# 2 साल में 50 से ज्यादा चेनमाउंटेन मशीनें जब्त फिर भी नदी का सीना चीरकर निकाली जा रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में इन दिनों अवैध तथा नियमों के विरुद्ध रेत का उत्खनन बंद कराने के लिए सभी खदानों को खनिज विभाग ने जरूर बंद करा दिया है, लेकिन पिछले दो साल का आंकड़ा बता रहा है कि नदियों में किस तरह से पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पिछले दो वर्ष में जिले में विभिन्न खदानों में कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 50 से ज्यादा चेन माउंटेन मशीनों से रेत उत्खनन करते हुए पकड़ा है। इन मशीनों के मालिकों पर इसके लिए प्रति मशीन एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस तरह 50 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला है। खनिज विभाग की यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि नदियों का सीना चीरने में वैध एवं अवैध रूप से खनन करने वाले कोई कसर नहीं छोड़ रहे ▶▶| शेष पेज 13 पर

***50 लाख जुर्माना वसूला जा चुका, फिर भी तस्कर नहीं रुके, अवैध खनन, अवैध भंडारण का सिलसिला जारी***

खास खबर



### इन नियमों को भी ताक पर रखकर किया जा रहा खनन

रेत खदान में मैनुअल हाथ से ही खनन किया जाना है। लोडिंग का कार्य भी मजदूरों से कराना है, जिसका पालन नहीं हो रहा है। ये दोनों कार्य मशीनों से किए जा रहे हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार मशीन से खनन के लिए विशेष खदान में जहां की रेत की मोटाई बहुत ज्यादा हो, उसकी गहराई 3 मीटर हो या जल स्तर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 5 लाख तक जुर्माना एवं 5 साल सजा का प्रावधान

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा रेत खदानों को लेकर जारी गाइड लाइन के अनुसार नदी की रेत खदानों से खनन के लिए चेन माउंटेन मशीनों (पोकलेन) के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। यह प्रतिबंध पर्यावरण संरक्षण और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए लगाया गया है, वहीं सूत्रों के अनुसार इन नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खनन पर कार्रवाई की जा रही

नियमित निरीक्षण कर नियमों के विरुद्ध खनन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी का परिणाम है कि पिछले दो साल में 50 से अधिक मशीनों को पकड़कर उन पर जुर्माना लगाया है।

\- राजेश मालवे
जिला अधिकारी, खनिज विभाग रायपुर

### शिकायत मिलने पर कार्रवाई

रेत खदानों में मशीनों से उत्खनन प्रतिबंधित है। निरीक्षण किया जाता है तथा शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जाती है।

\- पीके राबड़े
रीजनल ऑफिसर, पयार्वरण विभाग रायपुर

### नदी का सीना चीर बीचोबीच की जा रही खुदाई

पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन के अनुसार नदी के तटों पर जहां रेत जमा हो रही है, उन्हें ही खनन की अनुमति दी जाती है, लेकिन जिले में कई खदानों में नदी के बीचो बीच जाकर सीना चीरकर मशीनों से रेत निकाली जा रही है। इससे नदी में कटाव भी हो रहा है, जबकि कटाव क्षेत्र में खनन प्रतिबंधित है।

# रायपुर से संचालित होने वाले विमानों में होगी कटौती

## एयर इंडिया की दिल्ली की एक उड़ान कम होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- इंडिगो लखनऊ-रायपुर-भुवनेश्वर, पुणे-रायपुर-चेन्नई की उड़ान घटाएगा

युद्ध के हालात और ईंधन के बढ़ते दामों की वजह से विमानन कंपनियों की फ्लाइट संख्या घटाने का असर रायपुर में भी पड़ने वाला है। आने वाले दिनों में एयर इंडिया अपनी दिल्ली-रायपुर की एक उड़ान कम कर सकती है। वहीं इंडिगो के ल ख न ऊ - रायपुर-भुवनेश्वर और पुणे-रायपुर-चन्नई के फेरे के दिनों की संख्या कम हो सकती है।

ईंधन के बढ़ते दामों की वजह से विमानन कंपनियों ने कुछ समय पहले अपने शुल्क में इजाफा किया था। हालात सुधरते नहीं दिखने पर उनके द्वारा उड़ानों की संख्या में भी कटौती जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। इंडिगो, एयर इंडिया के उड़ानों में होने वाली कटौती का असर आने वाले दिनों में रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित होने वाले विमानों पर भी होने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच एयर इंडिया की तीन उड़ानों का संचालन किया जाता है। इनमें से दोपहर में आवाजाही करने वाली फ्लाइट बंद होने की संभावना है। इंडिगो भी इस सेक्टर की एक उड़ान घटा सकता ▶▶| शेष पेज 13 पर

**घटना गंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात की**

# आपसी विवाद पर दोस्तों ने की साथी की चाकू घोंपकर हत्या

> चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल युवक की शुक्रवार को आंबेडकर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है, युवक को उसके ही दोस्तों ने आपसी विवाद पर चाकू घोंप दिया था। युवक की बांह तथा पीठ में चाकू लगा। ज्यादा रक्त स्त्राव होने की वजह से युवक की मौत होने की बात सामने आई है। युवक की मौत के बाद चार लड़कों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। चाकूबाजी की घटना में खालबाड़ा निवासी आशीष गरुड़ (27) की मौत हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को आशीष अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकला था। रामनगर गुढ़ियारी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### थाना क्षेत्र के विवाद पर मौत होने का हल्ला

बताया जा रहा है, मौके पर पहुंची गुढ़ियारी पुलिस की पेट्रोलिंग ने अपने थाना क्षेत्र का प्रकरण नहीं होने की वजह से युवक को उपचार कराने अस्पताल ले जाना उचित नहीं समझा। गंज पुलिस के पहुंचते तक युवक रोड पर तड़पता रहा। अस्पताल ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जन्मदिन पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक एनीकट में डूबा

> शाम होने की वजह से गोताखोरों की टीम लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र के सातपाखर एनीकट में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया एक युवक तैरते वक्त डूब गया। घटना की जा न का री मिलने पर मौके पर पुलिस, गोताखोरों की टीम के साथ एनीकट में डूबे युवक की तलाश करने पहुंची। शाम को अंधेरा होने की वजह से गोताखोरों की टीम मौके से लौट आई। दूसरे दिन गोताखोरों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएगी।



पुलिस के अनुसार गुढ़ियारी शुक्रवारी बाजार निवासी रूपेश कुमार देवांगन अपने अन्य पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने गया था। एनीकट में डूबे युवक के एक दोस्त के अनुसार दोपहर में जब सभी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### वापसी लौटने के दौरान एनीकट में डूबा

एनीकट में डूबे युवक के दोस्त के अनुसार रूपेश लौटते वक्त एनीकट में गोता लगा रहा था। दो गोता लगाने के बाद तीसरी बार रूपेश पानी में गोता लगाने डूबा, लेकिन उसके बाद वह पानी से बाहर नहीं निकला। मौके पर उपस्थित रूपेश के दोस्त सूर्यकांत ने अपने अन्य दोस्तों को इस संबंध में जानकारी दी। खाना खाने बैठे लोग दौड़ते हुए एनीकट के पास पहुंचे और जो तैरना जानते थे, वे सभी एनीकट में कूदकर रूपेश को खोजने लगे। नहीं मिलने पर दोस्तों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।




**संबंधित बैच के उपयोग पर लगाई गई रोक, पैरासिटामाल मिसब्रांड**

# प्रसव पीड़ा बढ़ाने वाला ऑक्सीटोन इंजेक्शन सहित सर्दी-बुखार की चार दवाएं अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भवती महिलाओं का लेबर पेन बढ़ाने में उपयोग किए जाने वाले ऑक्सीटोन इंजेक्शन समेत सर्दी-बुखार की चार दवाएं जांच में अमानक पाई गई हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इन दवाओं के संबंधित बैच के उपयोग पर रोक लगा दी है। ऑक्सीटोन इंजेक्शन का साइड इफेक्ट कोटा राजस्थान में हुआ था, वहीं पैरासिटामाल समेत अन्य दवाएं कालीबाड़ी ▶▶| शेष पेज 13 पर

- ऑक्सीटोन इंजेक्शन का राजस्थान में हुआ था प्रसूताओं को साइड इफेक्ट



### संदिग्ध दवाओं के भंडारण पर विशेष नजर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने सभी जिला औषधि नियंत्रण अधिकारियों को सतर्कता, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध दवाओं के भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर विशेष नजर रखी जाए ▶▶| शेष पेज 13 पर

### यह दवा अमानक

1. आक्सीटोसिन इंजेक्शन- गंभीर रूप से अमानक डीसीजीआई ने अमानक माना
2. नाक्पेन-पी टेबलेट- असेक्लोफेनेक एवं पैरासीटामाल बैच एमटी-250777 (उत्तराखंड)
3. फ्लामो स्टार-एपी टेबलेट्स- असेक्लोफेनेक एवं पैरासीटामाल टेबलेट्स बैच एसएआई-25029 (राजस्थान)
4. एसीएचई-पी टेबलेट्स- असेक्लोफेनेक एवं पैरासीटामाल टेबलेट्स बैच एलवी25डीटी-066बी (हिमाचल)
5. कोल्डजिया टेबलेट्स- बैच नंबर जीटी-25294ए (हिमाचल प्रदेश)

# श्री रामचरितमानस महायज्ञ में श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपरा का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

पावन पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर आरंग की ऐतिहासिक एवं पुण्यधरा श्री बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सप्त दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञशाला में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पंचम दिवस की कथा एवं व्याख्यान में श्री परशुराम पुरोहित वैदिक संस्थान, आरंग के अध्यक्ष पं. ध्रुव नारायण शुक्ला द्वारा श्रीमद्भागवत एवं श्रीरामचरितमानस की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एक दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का कहीं भी शास्त्रों में उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। शास्त्रों में कथा श्रवण का विधान सात दिवस का वर्णित है। राजा परीक्षित को मोक्ष प्रदान करने हेतु सुखदेव मुनि द्वारा सात दिवस तक श्रीमद्भागवत कथा कही गई, नैमिषारण्य में सूत जी महाराज द्वारा ऋषियों को सात दिवस तक पुराण कथा श्रवण कराई गई तथा गोकर्ण महाराज द्वारा धुंधकारी के मोक्ष हेतु सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में वर्णित शास्त्रीय परंपराओं एवं विधि-विधानों का पालन ही वास्तविक धर्ममार्ग है। यदि मनुष्य शास्त्रों द्वारा बताए गए नियमों एवं धर्ममार्ग का श्रद्धापूर्वक पालन करे, तभी जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है। भगवान की मंगलमयी कथा का श्रवण मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाता है। महायज्ञ के पंचम दिवस पर किष्किंधा काण्ड एवं सुंदरकाण्ड तक की आहुतियाँ समर्पित की गईं। भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के दिव्य मिलन, हनुमान जी के लंका प्रवेश तथा माता सीता की खोज के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संपूर्ण यज्ञशाला "जय श्रीराम" एवं वेदमंत्रों की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान रही। इसी क्रम में सर्वतोभद्र वेदी में विधिवत पूजन-अर्चन उपरांत श्रद्धालुओं के मध्य पंचमुखी रुद्राक्ष का वितरण किया गया।

### यज्ञशाला में प्रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी



**श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया**
वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान बागेश्वर नाथ महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ में आरंग नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तथा कथा श्रवण, परिक्रमा एवं आहुति में सहभागी होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। श्री बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर का विशाल प्रांगण निरंतर भक्तिमय वातावरण एवं अपार जनसमूह से आलोकित हो उठा है।

## खबर संक्षेप



### अभियान के दौरान पार्षद पुष्कर ने की भेंट-वार्ता

आरंग। आरंग नगर में एक सकारात्मक संदेश देखने को मिला, जब पार्षद पुष्कर साहू ने चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी रहे पप्पू तंबोली से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। "तुहर पार्षद तुहर दूवारी" अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण करते हुए श्री साहू उनके निवास पहुंचे और सहज माहौल में बातचीत की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि चुनावी प्रतिस्पर्धा अपनी जगह है, लेकिन क्षेत्र के विकास और आपसी संबंध उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। इस पहल को क्षेत्रवासियों द्वारा सराहा जा रहा है और इसे भाईचारे, सम्मान और सकारात्मक राजनीति के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

### गड़रिया समाज का सम्मेलन कल होगा

कूंरा। छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज का एक दिवसीय विद्यार्थी एवं महिला सम्मेलन का आयोजन रविवार को रखा गया है। यह कार्यक्रम रायपुर के महादेवघाट रायपुरा स्थित पाल सामाजिक भवन परिसर में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे करेंगी। इसके अलावा अन्य अतिथि गण भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत विविध आयोजन सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में भव्य कलश शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उसके बाद पुरस्कार वितरण होगा।

### मजदूर सम्मान समारोह आज होगा बीरगांव में

सिलयारी। बीरगांव क्षेत्र के मजदूरों के सम्मान में "मजदूर सम्मान समारोह" का आयोजन 30 मई 2026, शनिवार को शाम 4 बजे से 7 बजे तक बुधवारी बाजार बीरगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रमिकों एवं आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीरगांव नगर पालिक निगम के महापौर नंदलाल देवांगन करेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में छाया विधायक रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर पंकज शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे, नगर पालिक निगम बीरगांव सभापति कृपाराम निषाद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बीरगांव अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी तथा इंटक रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष आशीष दुबे मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी दुर्गा प्रसाद बंजारे, कविता ब्रह्मदेव एवं द्रोपती बघेल को सौंपी गई है। आयोजन छत्तीसगढ़ मजदूर संघ (इंटक) द्वारा किया जा रहा है, जिसके आयोजक प्रदेश अध्यक्ष कमल बांधे हैं।

### निधन

**अजय शर्मा**



तिल्दा नेवरा। नेवरा निवासी आरएसएस सदस्य अजय शर्मा, 70 वर्ष का निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक मुक्तिधाम नेवरा में किया गया।उनके निधन पर सरस्वती शिशु मंदिर के सदस्यों द्वारा श्रधाजलि अप्रीत की गई। वे अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा-नेवरा के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता दीपक शर्मा, केदार शर्मा और विपल्व शर्मा के चाचा थे।उनके अतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## आरंग बस स्टैंड व्यावसायिक परिसर निर्माण पर पालिका की कार्यप्रणाली

# कांप्लेक्स निर्माण के लिए जगह का चयन नहीं व ठेकेदार को 42 लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग(पवन साहू)





कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

नगर पालिका आरंग के प्रस्तावित बस स्टैंड व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य में लंबे समय से हो रही देरी को लेकर स्थानीय और राजनीतिक स्तर पर नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में लगभग 6 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य का ठेका एजेंसी मेसर्स राधेश्याम अग्रवाल को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। निर्धारित शर्तों के तहत 18 माह के भीतर कार्य पूर्ण किया जाना था। सूत्रों के मुताबिक संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने से पूर्व लगभग 42 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है, बावजूद इसके अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था और परियोजना क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सामान्य सभा में उठे सवाल, सौंपा ज्ञापन :** प्रस्तावित बस स्टैंड निर्माण के स्थल चयन से पहले ही ठेका एजेंसी को कथित भुगतान किए जाने को लेकर पूर्व में परिषद की सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष सवाल उठा चुका है। इसके अलावा शिवसेना ने भी पूर्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर इस विषय को उठाया था। हाल ही में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और स्थानीय विधायक व मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के आरंग कार्यालय का घेराव भी किया था, जिसमें बस स्टैंड निर्माण का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल था। बस स्टैंड परिसर नगर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है, लेकिन निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी से आम नागरिकों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मामले में जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई तथा भुगतान राशि की रिकवरी की मांग भी उठ रही है। साथ ही यह मांग की जा रही है कि नगर पालिका प्रशासन नए सिरे से निविदा प्रक्रिया पूरी कर जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराए और पूर्व निर्धारित स्थल पर ही बस स्टैंड व्यावसायिक परिसर का निर्माण सुनिश्चित करे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आरंग शीतल चंद्रवंशी ने कहा की "भुगतान उनके चार्ज लेने से पहले का हुआ है। ठेका एजेंसी को एडवांस नियमों के तहत भुगतान किया गया था। पूर्व में ठेकेदार द्वारा निर्माण स्थल पर मटेरियल भी गिराया गया था। जल्द ही बस स्टैंड और व्यावसायिक परिसर का निर्माण शुरू होगा।"

# युवक की हत्या, सुशासन की हवा निकली : डा. डहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग\मंदिर हसौद



- सरकार की लचर कानून-व्यवस्था पर जोरदार तंज कसते हुए तीखा हमला बोला

रायपुर से सटे मंदिरहसौद इलाके से बीते 22 मई से लापता युवक भुवनेश्वर यादव की गुमशुदगी का पुलिस ने जो दिल दहला देने वाला खुलासा किया है, उसने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

महज पानी के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि आरोपियों ने युवक की बेरहमी से हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के इरादे से उसके शव को महासमुंद जिले में महानदी के किनारे रेत में दफना दिया। इस सनसनीखेज हत्याकांड के सामने आने के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विष्णुदेव साय सरकार की लचर कानून-व्यवस्था पर जोरदार तंज कसते हुए तीखा हमला बोला है। डॉ. डहरिया ने इस नृशंस हत्याकांड पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के राज में अपराधी इतने बेखौफ हो चुके हैं कि उन्हें न तो पुलिस का डर रह गया है और न ही कानून का।

जो खौफनाक वारदातें कभी बड़े-बड़े महानगरों में सुनने को मिलती थीं, वैसी दिल दहला देने वाली हत्या, अपहरण और साक्ष्य मिटाने की घटनाएं अब हमारे छोटे-छोटे कस्बों और शांत ग्रामीण इलाकों में आम हो चुकी हैं। मंदिरहसौद और आरंग जैसे क्षेत्र, जो हमेशा अपनी शांति और सौहार्द के लिए जाने जाते थे, वे आज अपराधियों के गढ़ में तब्दील होते जा रहे हैं।

भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए डॉ. डहरिया ने कहा कि इस मामले में जो राजनीतिक सांठगांठ सामने आ रही है, वह बेहद शर्मनाक है। सरकार के खिलाफ माहौल बिगड़ता देख और खुद को बचाने के लिए अपराधियों का सत्ताधारी दल की शरण में जाना और भाजपा ज्वाइन करने वाले आरोपियों का नाम सामने आना यह साफ करता है कि अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है। जब रक्षक ही भक्षकों को अपनी पार्टी में पनाह देने लगेंगे, तो राज्य में कानून का इकबाल कैसे बुलंद होगा।

# संकट से निपटने और सुरक्षा के लिए माक ड्रिल का किया जीवंत प्रदर्शन

हरिभूमिन न्यूज ⏭ धरसींवा

औद्योगिक गलियारों में सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों को परखने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के विशेष दिशा-निर्देशों के तहत एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील अभ्यास संपन्न हुआ। रायपुर स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई 'सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड' के परिसर में आपदा प्रबंधन और औद्योगिक सुरक्षा तंत्र को अभेद्य बनाने के उद्देश्य से एक वृहद और सफल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस समूचे अभ्यास का मुख्य ध्येय किसी भी अप्रत्याशित संकट या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, जान-माल की रक्षा और विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल की अग्निपरीक्षा लेना था, जिसमें कंपनी का सुरक्षा तंत्र पूरी तरह खरा उतरा। कार्यक्रम औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय के उप संचालक आशुतोष पांडे के मुख्यआतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख आलोक पांडे, रियल इस्पात के एचआर हेड शिव कुमार यादव, गोदावरी इस्पात के पेलेट प्लांट प्रमुख सुधाकर तिवारी व सुरक्षा विभाग के मुखिया श्री ईशान ताम्रकार सहित देश की प्रमुख ऊर्जा कंपनी आईओसीएल के आला अधिकारी भी शामिल हुए।

**संकट प्रबंधन का जीवंत उदाहरण बना अभ्यास :** सुरक्षा के इस महा-अभ्यास का कुशल संचालन और कमान सारडा एनर्जी के एचएसई (स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण) प्रमुख श्री अमित कुमार मिश्रा ने संभाली। संकट की काल्पनिक परिस्थितियों के बीच उनकी टीम ने तत्परता का बेजोड़ नमूना पेश किया। इस बेहद संवेदनशील और गौरवपूर्ण अवसर पर सारडा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री पंकज सारडा ने स्वयं उपस्थित रहकर अपनी टीम का हौसला बढ़ाया। उनके साथ हेड ऑपरेशन श्री मनोज शाह, पेलेट प्लांट प्रमुख श्री कोमल धुरंधर और मानव संसाधन प्रमुख श्री विवेक चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रबंधन और ग्राउंड जीरो के बीच के सामंजस्य को रेखांकित किया।

**तकनीक और मानवीय सतर्कता से औद्योगिक सुरक्षा की मिसाल :** इस मॉक ड्रिल के दौरान जब अलार्म गूंजा, तो पूरी फैक्ट्री में एक सुनियोजित और अनुशासित हलचल देखने को मिली। सुरक्षाकर्मियों और रेस्क्यू टीम ने वास्तविक दुर्घटना जैसी कृत्रिम परिस्थितियों के बीच बेहद कम समय में राहत और बचाव कार्यों को अंजाम दिया। घायल कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने और गैस या अग्नि रिसाव जैसी चुनौतियों पर काबू पाने का जो प्रदर्शन किया गया, उसने यह साबित कर दिया कि आधुनिक तकनीक और मानवीय सतर्कता मिलकर किसी भी बड़े हादसे को टाल सकती हैं।

# जरौदा (क) सुशासन तिहार में मूलभूत सुविधाओं की मांग ग्रामीणों ने उठाई



आरंग। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ग्राम जरौद (क) के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सीधे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति सौरभ गुरु, नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सभापति लुकेश साहू, अमर राजेंद्र मंडले, संजय धृतलहरे, प्रीतम साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू, इस दौरान अपर कलेक्टर उमाकांत बांधे भी मौजूद रहे। सुशासन तिहार के दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, पेयजल संकट, बिजली कटौती, राशन कार्ड, राशन वितरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से रखीं। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति सौरभ गुरु ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन-प्रशासन और आम जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है। जब अधिकारी और जनप्रतिनिधि सीधे गांवों में पहुंचेंगे, तभी अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही उनकी प्राथमिकता है। गांवों में बेहतर सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील भी की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के सहज और संवेदनशील व्यवहार से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने सुशासन तिहार की पहल की सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मुक्ति साहू को सेवा निवृत्ति पर दी शानदार विदाई



**रायपुर।** जल संसाधन विभाग मंत्रालय की तकनीकी शाखा में कार्यरत भृत्य मुक्ति साहू को उनकी सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। विभागीय अधिकारी मैक्सि कुजूर, वारु साहब और एसआर सिंघारे की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कई अधिकारी और कर्मचारियों को उन्हें गिफ्ट और गुलदस्ता भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। श्रीरामचरितमानस प्रेमी मुक्ति साहू मानस पाठ के कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति से भक्ति का जागरण करते है। उनकी सेवानिवृत्ति पर सर्व सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में एक समारोह का आयोजन कर श्री साहू का सम्मान किया और मानस की प्रति भेंट की। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद, डीडी साहू, नीलकंठ सारथी, राजकुमार धीवर ने श्री साहू का अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री साहू ने मानस का शानदार गायन करके लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पर्यावरण कार्यकर्ता आलोक होंगे शामिल

# अलदा में प्रस्तावित उद्योग के विरोध में किसानों की महा पंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा




तिल्दा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम अलदा में प्रस्तावित स्पंज आयरन उद्योगों के विरोध में 30 मई को विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है। महापंचायत का आयोजन मानपुर जलाशय बचाओ, प्रदूषणकारी उद्योग भगाओ संघर्ष मंच द्वारा ग्राम पंचायत अलदा एवं देवरी के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,आलोक शुक्ला हसदेव जंगल सेनानी और किसान नेता तुकाराम छन्द्रवंशी समाज सेवी योगेश साहू .गौसेवा से जुड़े समाजसेवी प्रदेश अध्यक्षदास साहू विशेष रूप से शामिल होंगे।

आयोजकों के अनुसार ग्राम अलदा में प्रस्तावित बालाजी स्पंज आयरन उद्योग तथा ग्राम देवरी में प्रस्तावित अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ ग्रामीण पिछले एक वर्ष से आंदोलनरत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि किसानों और ग्राम वासियों के विरोध के बावजूद उद्योगों को स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं के फर्जी प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृतियां दिलाई जा रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित उद्योगों के लिए समोदा क्षेत्र से अलग पाइपलाइन बिछाकर भारी मात्रा में भूजल का दोहन किया जाएगा। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होगी और क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने की आशंका है। किसानों का दावा है कि उद्योगों के संचालन से खेती-किसानी, पर्यावरण तथा आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

किसानों ने बताया कि कुम्हारी-मानपुर जलाशय क्षेत्र के लगभग 20 से 25 गांवों की जीवनरेखा है। यदि उद्योगों को स्थापित किया गया तो जलाशय एवं आसपास के जलस्त्रोतों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसी मुद्दे को लेकर महापंचायत में व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि 7 मई 2026 को ग्राम देवरी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शांतिपूर्ण विरोध कर रहे लगभग 100 ग्रामीणों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी और अधिक बढ़ गई है।

गौसेवा से जुड़े समाजसेवी प्रदेश अध्यक्ष दास साहू ने भी प्रस्तावित उद्योगों का विरोध करते हुए कहा कि उनका पूरा समर्थन ग्रामीणों के साथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं द्वारा विरोध दर्ज कराने के बावजूद प्रशासन उद्योग स्थापित कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में महापंचायत में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। महापंचायत को लेकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि यह सभा क्षेत्र की जल, जमीन और पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई को नई दिशा देगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल**
**रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक 27/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह निवासी रायपुर की ग्राम सोण्डरा प.ह.न. 25 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 21/19 रकबा 0.0650 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसीवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह/ 2026 आदेश दिनांक 19/03/2026 के परिपालन में दिनांक 02/06/2026 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 25 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

**अतः सूचना जाने**

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

# भाजपा का अब घर-घर चलो अभियान, सीएम सहित सभी मंत्री और बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के 5 जून से लेकर 21 जून तक लगातार कई कार्यक्रम होंगे। इसको लेकर लगातार जिलों की बैठकें भी हो रही हैं। पखवाड़ेभर के कार्यक्रमों में सबसे बड़ा कार्यक्रम घर-घर चलो अभियान रहेगा। यह अभियान नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे होने पर रहेगा।

इसमें 12 साल विश्वास के, जनकल्याण विकास के स्लोगन के साथ अभियान चलेगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, विधायक, सांसद, सारे जन प्रतिनिधि और भाजपा के छोटे-बड़े नेता शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जून माह के लिए जो आयोजन तय किए हैं उसमें सबसे बड़ा आयोजन केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने का है। इसमें घर-घर चलो अभियान रहेगा। इस अभियान में हर राज्य के भाजपा के जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता शामिल होंगे। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां पर मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल, विधायक भी आयोजन में शामिल होंगे। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है तो यहां पर सरकार के सभी मंत्री आयोजन का हिस्सा बनेंगे। आयोजन से पहले प्रदेश संगठन जिलों में बैठक करके तय कर रहा है कि क्या-क्या आयोजन कब होंगे।

### बताएंगे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं

घर-घर चलो अभियान में प्रदेश के सभी घरों तक भाजपा नेताओं के पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। इसमें घरों तक पहुंचकर भाजपा नेता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और जानने का प्रयास करेंगे कि इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है नहीं मिल रहा है। किसी कारणवश किसी को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा होगा तो उनको योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया जाएगा। इसके पीछे का एक बड़ा मकसद अगले साल और 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव भी हैं। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही किसी भी क्षेत्र में किसी के घर में दस्तक देंगे। इसी तरह से प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री भी आम जनता के घरों तक जाएंगे और उनसे संवाद करेंगे।

### 5 जून से 21 जून तक लगातार होंगे कार्यक्रम






### पर्यावरण और योग दिवस पर भी आयोजन

सबसे पहले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भर में इसको लेकर आयोजन किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। इसी के साथ 21 जून को योग दिवस पर भी बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर पर आयोजन होगा। इसमें भी मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के सभी नेता शामिल होंगे। कुल मिलाकर 5 से 21 तक लगातार आयोजन होंगे, जो केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने का हिस्सा रहेंगे।

---

## खबर संक्षेप



### राज्यसभा सांसद ने तुलसीराम नायक को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने तुलसीराम नायक के निधन पर बोरियाखुर्द जानकीनगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। परंपरानुसार उनकी पत्नी ललिता से मुलाकात की। सांसद ने स्व. तुलसी की पत्नी ललिता नायक, बेटे रोहित और निखिल को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगी। इस अवसर परिवारजन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों को 6 लाख का निशुल्क लाइफ इंश्योरेंस कवर

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शासन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके तहत एनएचएम के उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिनका वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में संचालित है उन्हें 6 लाख का निःशुल्क लाइफ टर्म इंश्योरेंस कवर उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा कवर सामान्य मृत्यु की स्थिति में प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस व्यवस्था के लिए राज्य सरकार या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। साथ ही, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित समस्त सुविधाएं कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

### तुलसी नगर सुविधाओं का अभाव, जोन कमिश्नर को ज्ञापन



**रायपुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक-2 के आयुक्त को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में तुलसी नगर में लंबित गंभीर और बुनियादी समस्याओं के त्वरित निराकरण की पुरजोर मांग की गई है। जिला पदाधिकारियों ने बताया कि तुलसी नगर के रहवासी पानी और साफ-सफाई की घोर अव्यवस्था से बुरी तरह त्रस्त हैं। स्थानीय पार्षद को कई बार अवगत कराने के बावजूद जब कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग एवं उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा ने निगम प्रशासन से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तुरंत नई पाइपलाइन की मंजूरी दी जाए, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नालियों की नियमित सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए जाएं।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएमएचओ कार्यालय के स्टाफ ने ली शपथ



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व सीएमएचओ कार्यालय रायपुर में तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता संदेशों के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

---

## जिला पंचायतों को मिलने वाली राशि प्रभावित क्षेत्र में ही खर्च होगी

# गौण खनिज राजस्व बंटवारे में बड़ा बदलाव, पंचायतों को मिलने वाली राशि के वितरण का नया फार्मूला लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व के पंचायतों में वितरण और उसके उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा, जबकि शेष राशि का बंटवारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के बीच निर्धारित स्लैब के आधार पर किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 10 अक्टूबर 2012 को जारी पुराने आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह नई व्यवस्था लागू की है। आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत पूर्ववत वित्तीय वर्ष में गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण संबंधित पंचायत संस्थाओं के बीच किया जाएगा।

### अब इस हिसाब से होगा राशि का बंटवारा

नई व्यवस्था के तहत जिन क्षेत्रों में गौण खनिज से प्राप्त राशि 7.50 लाख रुपये तक होगी, वहां पूरी राशि ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 80 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 10-10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी प्रकार 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 25 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक की राशि पर ग्राम पंचायत का हिस्सा 60 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत का हिस्सा 20-20 प्रतिशत रहेगा। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि होने पर ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

### स्कूलों, अस्पतालों और श्मशान घाटों पर खर्च की अनुमति

सरकार ने पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग के लिए कुछ नए कार्य भी शामिल किए हैं। अब इस राशि से स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओवरहेड टैंक सहित रनिंग वाटर की सुविधा विकसित की जा सकेगी। सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था, मुक्तिधाम निर्माण एवं संधारण, वहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण तथा वाचनालयों की स्थापना जैसे कार्य भी इस मद से किए जा सकेंगे।

### खदान प्रभावित इलाकों में ही खर्च होगी जिला पंचायत की राशि

नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत को मिलने वाली राशि का उपयोग केवल उन्हीं क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा जहां खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसके लिए क्षेत्र खनन स्थल से 15 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना चाहिए और वहां खनन के प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हों। इससे खदान प्रभावित गांवों और बस्तियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 2022-23 से लागू मानी जाएगी नई व्यवस्था

आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और उससे पूर्व की अवधि में वितरित राशि का उपयोग पुराने आदेश के अनुसार ही किया जाएगा। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद प्राप्त होने वाली गौण खनिज राजस्व राशि का वितरण और व्यय नई व्यवस्था के तहत किया जाएगा। पुराने आदेश के अन्य प्रावधान यथावत बने रहेंगे। खनिज साधन विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। नई व्यवस्था के जरिए सरकार ने राजस्व के उपयोग को अधिक लक्षित बनाते हुए खदान प्रभावित क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाने की कोशिश की है।

---

## कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने ली। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

विजय जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की एकजुटता में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता की समस्याओं को उठाने तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा, कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं गरीब वर्ग की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के माध्यम से जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, वर्तमान समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है और कांग्रेस कार्यकर्ता जनसमस्याओं को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएंगे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

---

## बैज बोले- कोल खदान के लिए पेड़ काटने का विरोध करती है कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा केते एक्सटेंशन कोल परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। यह कोयला खदान जहां खोली जा रही है, वह हसदेव अरण्य क्षेत्र में आता है, जहां 1742 हेक्टेयर सघन वन है। इस कोयला खदान के लिए 7 लाख से अधिक पेड़ों को काटा जाएगा। खदान तो राजस्थान विद्युत मंडल को मिली है, लेकिन इसकी खुदाई का ठेका अडानी के पास है। एक बार फिर छत्तीसगढ़ के वनों की बलि चढ़ाई जाएगी। कांग्रेस इसकी निंदा करती है। हम यहां पर एक भी पेड़ काटने का विरोध करते हैं।

श्री बैज ने कहा, पानी मांगने पर भाजपा पार्षद ने हत्या कर दी। प्रदेश में पेयजल की समस्या कितनी ज्यादा गंभीर हो गई है कि इसका भयावह एक उदाहरण राजधानी से लगे मंदिर हसौद में देखने को मिला। यहां पर पानी नहीं पहुंचने की शिकायत भाजपा पार्षद को इतनी नागवार गुजरी कि उसने फरियादी नागरिक की हत्या कर लाश रेत में दफन कर दी। श्री बैज ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। श्री बैज ने कहा, भाजपा सरकार द्वारा मीसा बंदियों के परिजनों को पेंशन देने का साय सरकार के निर्णय का कांग्रेस विरोध करती है।

## एक्सप्रेस वे में अवैध मार्ग खोलने को लेकर थाने पहुंचे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसी शुक्रवार को पंडरी सिटी सेंटर मॉल के लिए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोले जाने एवं शासन के नियमों की अवहेलना करने वाले पीडब्ल्यू अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने देवेन्द्र नगर थाना पहुंचे। श्री उपाध्याय ने बताया, रायपुर स्थित एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय शासन द्वारा स्पष्ट रूप से यह नियम निर्धारित किया गया था कि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर किसी भी प्रकार का नया मार्ग अथवा कट नहीं खोला जाएगा, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाओं एवं यातायात अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। 05.12.2017 को जारी शासन के नोटिफिकेशन में भी इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एक्सप्रेस-वे से लगी भूमि पर किसी भी प्रकार का नया रास्ता नहीं बनाया जाएगा। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों एवं तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोल दिया गया है। उक्त मार्ग खोले जाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ गई है, क्योंकि एक्सप्रेस-वे पर वाहन तेज गति से संचालित होते हैं। साथ ही, इससे यातायात बाधित होने एवं जाम की स्थिति निर्मित होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। इसलिए उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों एवं अन्य दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## निजी स्कूलों में श्रमिक परिवार की आरक्षित सीट होगी दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



निजी स्कूलों में श्रमिक परिवार के बच्चों को दिए जाने वाले दाखिले में इस सत्र से वृद्धि होगी। उनके लिए आरक्षित सीटों की संख्या अब बढ़ाकर दोगुनी कर दी गई है। श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने मंत्रालय में श्रम विभाग के काम-काज की समीक्षा की। इस दौरान श्रमिकों के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, इस दिशा में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया।

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिक परिवारों के बच्चों को स्कूलों में दाखिला प्रदान करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दिशा में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नए शैक्षणिक सत्र से सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 से 200 कर दी गई है। इस योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों को प्रदेश के निजी स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी।

### पंजीयन के लिए प्रचार-प्रसार

बैठक में श्रमिकों के पंजीयन के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और योजनाओं का क्रियान्वयन समय अवधि में पूर्ण करने कहा गया। ठेकेदार को जितने श्रमिकों का लाइसेंस प्राप्त है, उतने ही श्रमिक कार्यरत हैं अथवा नहीं, यह सुनिश्चित करने कहा गया। कारखाने की नियमित जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में ऑनलाइन रेण्डम निरीक्षण, अभियोजन एवं निराकरण की कार्यवाही, छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम अंतर्गत पंजीयन की समीक्षा, मिनी माता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत शामिल योजनाओं की समीक्षा, इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर जिलेवार की गई निराकरण की समीक्षा की गई।

### अपात्र व्यक्तियों को मिला लाभ तो होगी कार्रवाई

छात्रों की शिक्षा का पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। श्रमायुक्त ने जिलों के श्रम पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस योजना में अपात्र व्यक्ति को लाभ मिलने अथवा किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित जिलों के श्रम अधिकारी जवाबदेह होंगे और उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

---

## कृषि विभाग ने जारी किया नया आदेश , रासायनिक खाद को लेकर किसान हैं परेशान

# रासायनिक खाद की किल्लत के बीच जैव उर्वरकों पर सरकार का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की तैयारी के बीच एक ओर किसान रासायनिक खाद की उपलब्धता को लेकर परेशान हैं, वहीं राज्य सरकार ने हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई अनुदान व्यवस्था लागू की है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषक समग्र विकास योजना के तहत हरी खाद एवं जैव उर्वरक वितरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान देने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर किसानों की निर्भरता कम करना, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना और कृषि लागत में कमी लाना है। हालांकि यह निर्णय ऐसे समय आया है जब प्रदेश के कई जिलों में किसान सहकारी समितियों के माध्यम से रासायनिक खाद नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं।

### किसानों को 50 फीसदी अनुदान की नई व्यवस्था



### खाद संकट और ई-टोकन व्यवस्था से बढ़ी मुश्किलें

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के अनेक जिलों में डीएपी और अन्य रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसानों में असंतोष देखा जा रहा है। कई स्थानों पर किसानों को समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था भी किसानों के लिए नई परेशानी बनकर उभरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि तकनीकी जानकारी और इंटरनेट सुविधाओं की कमी के कारण ई-टोकन प्राप्त करना आसान नहीं है। कई किसानों को खाद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि बुवाई का समय नजदीक आ रहा है।

### दो एकड़ तक के किसानों को मिलेगा लाभ

कृषि विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी वर्गों के किसानों को अधिकतम दो एकड़ तक इस योजना का लाभ मिलेगा। बीज निगम अथवा अन्य मान्यता प्राप्त प्रदायक संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले हरी खाद के बीज और जैव उर्वरकों की कीमत का 50 प्रतिशत हिस्सा सरकार अनुदान के रूप में देगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि किसानों को स्वयं वहन करनी होगी। यह अनुदान जिला उप संचालक कृषि के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### मिट्टी की सेहत सुधारने पर फोकस

सरकार के अनुसार योजना का उद्देश्य समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देना, मिट्टी की जैविक, भौतिक और रासायनिक संरचना में सुधार करना, जलधारण क्षमता बढ़ाना तथा सूक्ष्म जीवों की सक्रियता को प्रोत्साहित करना है। विभाग का मानना है कि इससे रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण लगेगा और किसानों की उत्पादन लागत कम होगी।

### चुनौती रासायनिक खाद की उपलब्धता

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जैव उर्वरकों और हरी खाद को बढ़ावा देना दीर्घकालिक दृष्टि से सकारात्मक कदम है, लेकिन वर्तमान समय में किसानों की सबसे बड़ी चिंता रासायनिक खाद की समय पर उपलब्धता बनी हुई है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती यह होगी कि वह एक तरफ टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे और दूसरी तरफ खरीफ सीजन के दौरान किसानों को आवश्यक रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित करे।

## खबर संक्षेप

### रक्त सेवा सम्मान समारोह 10 जून को

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति सेवा समिति द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 10 जून को रक्त सेवा सम्मान समारोह आयोजन किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्ष अंजना पिथालिया और सचिव रंभा साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में रायपुर शहर की रक्तदान करने वाली युवतियों व महिलाओं को रक्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा रक्तसेवा के कार्य में निस्वार्थ भाव से काम करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### राज्यसभा सांसद ने तुलसीराम नायक को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने तुलसीराम नायक के निधन पर बोरियाखुर्द जानकीनगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। परंपरानुसार उनकी पत्नी ललिता से मुलाकात की। सांसद ने स्व. तुलसी की पत्नी ललिता नायक, बेटे रोहित और निखिल को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगी। इस अवसर परिवारजन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## निधन

### मौक्तिक शर्मा



**रायपुर।** ग्रीन ऑर्चिड, दलदल-सिवनी मोवा निवासी मौक्तिक शर्मा का 28 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 मई को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सूर्यप्रकाश शर्मा और भुवनेश्वरी शर्मा के पुत्र थे।

### राजकिशोर दीवान



**रायपुर।** ब्राह्मण पारा निवासी राजकिशोर दीवान का 27 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रणव, राघवेंद्र, हितेन्द्र, समीर, सिद्धार्थ दीवान के बड़े भाई थे।

# ड्यूटी कर रहे फिर भी अनुपस्थित बताकर थमा दिया बांड राशि वसूली का नोटिस, डाक्टरों में हड़कंप

## 52 चिकित्सा अधिकारियों सहित 97 पर है नियम उल्लंघन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद अनुबंध सेवा के तहत ड्यूटी कर रहे कई डाक्टरों को बांड राशि वसूली का नोटिस जारी कर दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य संचालनालय से एनओसी लेने के बाद पीजी की पढ़ाई करने वाले से भी रिकव्हरी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा जारी 52 चिकित्सा अधिकारियों सहित 97 पर बांड नियम का पालन नहीं करने का आरोप है।

नियम के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में एमबीबीएस अथवा एमडी-एमएस की पढ़ाई करने वालों को दो-दो साल की अनुबंध सेवा पूरी करनी होती है। इसके लिए उनसे प्रवेश के दौरान ही बांड कराया जाता है। इस दौरान उन्हें क्रमशः 25 और 50 लाख की संपत्ति मॉडगेज करनी पड़ती है। स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा करीब पंद्रह दिन पहले अनुबंध सेवा में उपस्थित नहीं होने वाले डाक्टरों से राशि वसूली का आदेश जारी किया गया था। इस आधार पर संबंधित चिकित्सा अधिकारियों से वसूली के लिए संबंधित जिले को निर्देशित किया गया। अजीबो-गरीब मामला यह है, लापरवाही के कारण उन डॉक्टरों को भी बांड राशि वसूली का नोटिस थमा दिया गया है, जो वर्तमान में बांड ड्यूटी कर रहे हैं। विभाग द्वारा जारी की गई रिकवरी सूची में ऐसे कई डॉक्टरों के नाम शामिल हैं। एक छात्र ने बताया कि वह नवंबर से अपनी ड्यूटी कर रहा है, मगर विभाग ने उसे अनुपस्थित करार दिया है।

### लापरवाही का परिणाम

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुछ अनुबंधित चिकित्सकों के विरुद्ध बॉन्ड ब्रेकेज राशि जप्त करने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन चिकित्सकों द्वारा वर्तमान में भी अपनी बॉन्ड सेवा का निर्वहन किया जा रहा है, उनके नाम भी नोटिस में सम्मिलित कर दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तथ्यात्मक सत्यापन किए बिना जारी किए गए नोटिसों के कारण चिकित्सकों को अनावश्यक मानसिक तनाव एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हम मांग करते हैं कि जारी किए गए सभी नोटिसों की तत्काल समीक्षा की जाए, तथ्यात्मक त्रुटियों को सुधारा जाए।

- डॉ. रेशम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़



### नियमानुसार कार्रवाई

बांड राशि वसूली के लिए अनुपस्थित डाक्टरों की सूची जिला सीएमएचओ कार्यालय से मिली जानकारी के आधार पर जारी की गई है। कई लोग ज्वाइनिंग के बाद ड्यूटी नहीं करते। किसी तरह की शिकायत है, तो उसका समाधान किया जाएगा।

- डा. अभिजीत बेनर्जी, उपसंचालक, स्वास्थ्य संचालनालय

सीएमडीसी अफसर के बाद एक और अन्य के साथ हुई है चोरी के साथ ठगी की घटना

# राजधानी में मोबाइल चोरी कर यूपीआई से रकम निकालने वाला गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में मोबाइल चोरी कर यूपीआई पिन जनरेट कर रुपए निकालने वालों का गिरोह एक बार पुनः सक्रिय हो गया है। गिरोह ने तेलीबांधा के साथ गोलबाजार में सब्जी खरीदने गए एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी कर उसके अकाउंट से यूपीआई पिन जनरेट कर 79 हजार रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया है।

- 10 माह पूर्व इंटर स्टेट गिरोह के आधा दर्जन जालसाज पकड़े जा चुके

शेख निजामुद्दीन ने अज्ञात के खिलाफ मोबाइल चोरी कर यूपीआई जनरेट कर रुपए निकालने की शिकायत दर्ज कराई है। शेख निजामुद्दीन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 20 दिन पूर्व शास्त्री बाजार में अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ सब्जी खरीदने गया था। इस दौरान किसी अज्ञात ने शेख निजामुद्दीन की जेब से मोबाइल चोरी कर रुपए आहरण कर लिया। मोबाइल चोरी होने के तत्काल बाद निजामुद्दीन ने संबंधित मोबाइल कंपनी के सर्विस सेंटर जाकर अपना सिम ब्लाक कराया। इसके बाद नया सिम अलाट कराने के बाद शेख निजामुद्दीन ने मोबाइल चालू किया। उसके तीन दिन बाद जालसाज ने रकम आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

### सिम ब्लाक होने के बाद भी यूपीआई चालू रहता है

पुलिस के साइबर एक्सपर्ट के अनुसार सिम ब्लाक होने के बाद भी यूपीआई एक्टिवेट रहता है। सामने वाला जैसे ही नया सिम अलॉट कराता है। सिम चोरी करने वाला चोरी के मोबाइल से यूपीआई का नया पिन जनरेट कर लेता है और चोरी के मोबाइल के सिम से अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर लेता है। इस स्थिति में नया सिम अलॉट कराने के बाद मोबाइल होल्डर को सबसे पहले अपने यूपीआई पिन बदलना चाहिए, इससे वह ठगी का शिकार होने से बच सकता है। इसके साथ ही यूपीआई खोलने संबंधित सुरक्षा फीचर्स अपनाना चाहिए। इससे लोग ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। इसके साथ ही सिम ब्लॉक कराने के बाद अपने बैंक को भी सूचना दें, ताकि वे आपकी यूपीआई सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक सके।

### पूर्व में हाईटेक गिरोह पकड़ा जा चुका है

मोबाइल चोरी कर यूपीआई से रकम उड़ाने वाला झारखंड-बंगाल के हाईटेक गिरोह के आधा दर्जन जालसाजों को पुलिस ने 10 माह पूर्व गिरफ्तार किया था। गिरोह से जुड़े लोग सब्जी बाजार, भीड़ वाले इलाकों से मोबाइल चोरी करते थे। इसके बाद तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से पासवर्ड क्रैक करता था और यूपीआई के जरिए रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर लेता था। गिरोह 3 लेयर में काम करता था, पहला ग्रुप चोरी करता था, दूसरा पैसे ट्रांसफर करता था और तीसरा एटीएम से पैसे निकालता था। पुलिस पड़ताल में खुलासा हुआ था कि गिरोह का सरगना बेरोजगार युवाओं को 25,000 रुपए प्रति माह की सैलरी पर मोबाइल चोरी के लिए ट्रेनिंग देता था।

# जंगल सफारी का सफर महंगा, चुकानी होगी दोगुनी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदनवन जंगल सफारी जाने के लिए अब पहले से दोगुनी राशि खर्च करनी होगी। छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जंगल सफारी के टिकट की कीमतों में वृद्धि की है। एंट्री टिकट के साथ सफारी राइड और दूसरी सुविधाएं भी महंगी हो गई हैं। जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर ने बढ़ी हुई कीमतों की पुष्टि की है। वन विभाग के अफसर का कहना है कि नई कीमतों से जंगल सफारी और जू की सुविधाओं को बेहतर बनाने और रखरखाव में मदद मिलेगी। कीमतों में वृद्धि के बाद पर्यटक सुविधाओं को भी बेहतर किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जंगल सफारी का किराया कम किया था।

### जानिए... किस वर्ग में कितना बदलाव

- पहले 6 से 12 साल तक के बच्चों के लिए जू एंट्री टिकट 25 रुपए था। इसे अब बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया गया है।
- 12 साल से ज्यादा उम्र के पर्यटकों के लिए पहले जू एंट्री टिकट 50 रुपए था। अब इसे बढ़ाकर 100 रुपए कर दिया गया है।
- विदेशी पर्यटकों को पहले 200 रुपए देने होते थे, अब उन्हें 500 रुपए देने होंगे। सर्वाधिक वृद्धि विदेशी पर्यटकों के टिकट में ही हुई है।

### बस किराए की नई दर

6 से 12 साल तक के बच्चों के लिए साधारण बस के 100 रुपए, एसी बस के 150 रुपए और इलेक्ट्रिक बस के 175 रुपए चुकाने होंगे। वहीं 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को साधारण बस के 150 रुपए, एसी बस के 200 रुपए और इलेक्ट्रिक बस के 250 रुपए देने होंगे। वहीं विदेशी पर्यटकों को साधारण बस के लिए 750 रुपए, एसी बस के लिए 1000 रुपए तथा इलेक्ट्रिक बस के लिए 1250 रुपए देने होंगे।

### छुट्टियों में नहीं मिलेगी राहत

सीनियर सिटीजन और दिव्यांगजन को राहत दी गई है। 60 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों की एंट्री पहले की तरह निःशुल्क रहेगी। इस छूट का लाभ उठाने के लिए उन्हें अपना वैध पहचान पत्र दिखाना होगा। हालांकि वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों को मिलने वाली निःशुल्क एंट्री की सुविधा वीकेंड, सार्वजनिक अवकाश और सरकारी छुट्टियों पर लागू नहीं होगी।

# मेयर ने किया नए स्वरूप में बने आरआरआर सेंटर का लोकार्पण



**रायपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत राजधानी रायपुर के वीर शिवाजी वार्ड में नगर निगम के जोन कार्यालय परिसर में संचालित आरआरआर सेंटर को नया स्वरूप दिया गया है। महापौर मीनल चौबे ने इस नए आरआरआर सेंटर का लोकार्पण किया। इस नए स्वरूप वाले आरआरआर सेंटर में नगर निगम प्रशासन ने एक ई-बैटरी वाहन उपलब्ध कराया है जो जोन अंतर्गत सभी सात वार्डों में जाकर वहां से रहवासी के घरों से अनुपयोगी वस्तुएं संग्रह करके लाने का कार्य करेगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि आरआरआर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जिसका उद्देश्य कचरे को स्त्रोत पर कम करना, उपयोग योग्य वस्तुओं का पुनः उपयोग बढ़ाना तथा अपशिष्ट का पुनर्चक्रण कर संसाधनों का संरक्षण करना है। इसके माध्यम से लैंडफिल में जाने वाले कचरे में कमी आती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है और सर्कुलर इकॉनमी को मजबूती मिलती है। आरआरआर सेंटर में महापौर के निर्देश पर महिलाओं के कल्याणार्थ सिलाई मशीन की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। यहां महिलाएं प्रशिक्षण भी ले सकेंगी। इस अवसर पर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, एमआईसी सदस्य नंद किशोर साहू, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, पार्षद सोहन साहू, राजेश कुमार देवांगन, अंबिका साहू, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ को 1000 करोड़ की मंजूरी स्वागतोग्य



**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को लगभग 1000 करोड़ की अतिरिक्त राशि मंजूर किए जाने पर उत्कल गांड़ा महिला महामंच की प्रदेशाध्यक्ष सावित्री जगत ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के हित में ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी निर्णय बताया है। श्रीमती जगत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और संवेदनशील नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज गरीब परिवारों के पक्के मकान का सपना तेजी से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि "पक्का मकान केवल चार दीवारी नहीं होता, बल्कि गरीब परिवारों के सम्मान, सुरक्षा, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव होता है।" उन्होंने कहा कि राज्य के हजारों ग्रामीण परिवार लंबे समय से आवास निर्माण की स्वीकृति एवं भुगतान प्रक्रिया में तेजी आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब केंद्र सरकार के इस निर्णय के बाद अधूरे मकानों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण होगा तथा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब, मजदूर, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली महत्वपूर्ण योजना साबित हो रही है।

## बिजनेस साइट

# कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और राज्य वन अनुसंधान संस्थान के बीच एमओयू

**रायपुर।** कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और राज्य वन अनुसंधान संस्थान, रायपुर के बीच वन अपराधों की रोकथाम, वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक और हर्बल दवाओं के अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत वन्यजीव अपराध जांच, पर्यावरण फॉरेंसिक, नारकोटिक्स जांच तथा अपराध स्थल प्रबंधन जैसे विषयों पर संयुक्त शोध और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के वनों में पाए जाने वाले औषधीय एवं विषैले पौधों पर वैज्ञानिक अध्ययन कर हर्बल दवाओं के मानकीकरण पर भी कार्य होगा। एमओयू पर राज्य वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक तपेश कुमार झा तथा कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रमन कुमार झा ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और शिक्षाविद उपस्थित रहे। यह समझौता प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा।



# अमेरिका में 'ओडिसी ऑफ द माइंड' वर्ल्ड फाइनल्स में एनएच गोयल स्कूल के 29 छात्र कर रहे भारत का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए रायपुर स्थित एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल के 29 छात्रों का दल अमेरिका के आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में आयोजित 'ओडिसी ऑफ द माइंड वर्ल्ड फाइनल्स 2026' में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 मई को हुआ। स्कूल के साइंस कोऑर्डिनेटर डॉ. एम.एन. सिंह के नेतृत्व में छात्र विश्व मंच पर अपनी रचनात्मकता, नवाचार और समस्या समाधान क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। हिल्टन कोलिज़ीयम में आयोजित उद्घाटन समारोह में भारतीय तिरंगा थामे छात्रों की मार्च पास्ट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। चार दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में छात्र लॉन्ग-टर्म और स्पॉन्टेनियस श्रेणियों में अपने अभिनव मॉडल प्रस्तुत करेंगे। आयोजन में दुनिया भर से करीब 15 हजार प्रतिभागी शामिल हुए हैं। स्कूल प्रबंधन ने इसे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह युवा प्रतिभाओं की वैश्विक पहचान का अवसर है।

## पेज 11 के शेष

**प्रदेश में तापमान थोड़ा ...**
आसार बने रहे। दूसरी ओर तेज गति की हवा और बारिश होने के कारण सरगुजा और बस्तर संभाग का तापमान 35 से 38 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक बादल-बारिश की गतिविधि रह सकती है। इसके बाद मौसम में ठहराव आएगा।स्थानीय मौसम विशेषज्ञों का कहना कि जून के पहले सप्ताह में कम बारिश का ठोस अनुमान सामने आएगा। अभी अलनीनो की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है, जो राज्य समेत देश में बारिश की स्थिति को तय करेगा।

**2 साल में 50 से ज्यादा ...**
हैं। खनिज विभाग के जिला अधिकारी राजेश मालवे ने बताया कि पिछले दो साल में रेत खदानों में संलिप्त 50 से अधिक चेन माउंटेन, पोकलने मशीनों को जब्ती बनाकर उनके मालिकों से जुर्माना वसूल किया है। प्रत्येक चेन माउंटेन, पोकलेन मशीन के मालिक पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि मशीनों से रेत खनन तथा वाहन में लोडिंग करना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी रेत खनन का कार्य तेजी से हो, इसके लिए मशीनों का उपयोग करते हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। हालांकि पर्यावरण विभाग को सख्त कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन उनके द्वारा इस मामले में कोई एक्शन तक नहीं लिया जाता।

**इन नियमों को भी ...**
कम हो। इसके लिए भी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। जल प्रवाह को बाधित किए बिना खनन किया जाना है। रात में पूर्ण रूप से खनन पर प्रतिबंध है। इन सभी नियमों का भी खदानों में खुलेआम उल्लंखन किया जा रहा है।

**5 लाख तक जुर्माना ...**
कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसके तहत अधिकतम 5 लाख रुपए तक जुर्माना एवं 5 साल तक सजा का प्रावधान है, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी एवं निगरानी नहीं करने से रेत खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन पर अंकुश भी लग नहीं पा रहा है।

**रायपुर से संचालित होने ...**
है। इसी तरह अभी लखनऊ-रायपुर- भुवनेश्वर को जोड़ने वाली नियमित यानी सातों दिन संचालित होने वाली फ्लाइट 4 दिन आवाजाही करेगी। इंडिगो पुणे-रायपुर-चेन्नई के बीच भी सातों दिन आवाजाही करने वाली फ्लाइट का संचालन तीन दिन करेगी। इसी तरह आने वाले दिनों में क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत संचालित होने वाली रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद फ्लाइट पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

**आपसी विवाद पर दोस्तों ने की साथी...**
तथा गंज थाना क्षेत्र से सटे रामनगर फ्लाईओवर पर बीचोबीच घायल अवस्था में आशीष रोड पर पड़ा था। इस दौरान गुढ़ियारी पुलिस को फ्लाईओवर में युवक के घायल होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची गुढ़ियारी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र का मामला नहीं होने के कारण गंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गंज थाने की पुलिस युवक को उपचार कराने आंबेडकर अस्पताल ले गई, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

**थाना क्षेत्र के विवाद पर मौत...**
पहुंचने तक युवक का अत्यधिक मात्रा में रक्त स्त्राव हो चुका था। ज्यादा रक्त स्त्राव होने की वजह से आशीष की मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस को घटना स्थल के पास सीसीटीवी फूटेज मिला है, जिसमें आशीष एक लड़के के साथ जाता दिख रहा है। जिस लड़के के साथ आशीष जाता दिख रहा है, उस लड़के को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**जन्मदिन पर दोस्तों के साथ पिकनिक...**
खाना खाने बैठे थे, इस दौरान रूपेश एनीकट में नहाने के लिए चला गया। मौके पर उपस्थित दोस्तों ने रूपेश को एनीकट में जाने से मना किया। दोस्तों की समझाइश को नजर अंदाज करते हुए रूपेश पानी की गहराई में तैरते हुए एनीकट की बाउंड्री छूने पहुंच गया। जन्मदिन पर ले गया था पिकनिक मनाने शुक्रवार को रूपेश का 19वां जन्मदिन था। अपने जन्मदिन पर वह अपने दोस्तों को पिकनिक मनाने सातपाखर ले गया था। रूपेश दो भाई बहनों में बड़ा था। रूपेश एक दोना-पत्तल बनाने वाले फैक्ट्री में काम करता था। घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसने पढ़ाई करने के बजाय घर की आर्थिक स्थिति सुधारने काम करने लगा था। बताया जा रहा है, तीन-चार माह पूर्व से ही वह दोना-पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करने जाने लगा था।

**प्रसव पीड़ा बढ़ाने वाला ऑक्सीटोन...**
लैब में जांच के दौरान मिसब्रांड पाई गईं। कोटा राजस्थान में पिछले दिनों पांच प्रसुताओं की मौत के बाद ऑक्सीटोन इंजेक्शन को जांच दायरे में लाया गया था। बाजार में उपलब्ध इस इंजेक्शन की एक बैच की जांच कराई गई और उसे गंभीर रूप से अमानक पाया गया था। इस आधार पर बैच नंबर आई-7881 के इंजेक्शन के उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश जारी हुआ था। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने समय-समय पर संदेह के आधार पर बाजार से जांच के लिए सर्दी-बुखार में उपयोग होने वाले पैरासिटामाल सहित कॉम्बिनेशन की दवा के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा था। जांच के दौरान चार दवाओं को मिसब्रांड पाया गया है। यानी दवा की गुणवत्ता तो सही है, मगर उसकी पैकिंग अथवा ब्रांड की जानकारी मानक के अनुसार नहीं है। इस आधार पर उन दवाओं को भी अमानक घोषित किया गया है।

**संदिग्ध दवाओं के भंडारण पर...**
और यदि उपलब्ध स्टॉक पाया जाए, तो तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। औषधि विक्रेताओं, थोक वितरकों एवं चिकित्सालयों से अपील है कि वे उपरोक्त बैच संख्याओं की दवाओं की तत्काल जांच करें, उनका विक्रय एवं उपयोग रोकें तथा संबंधित जिला औषधि नियंत्रण कार्यालय को सूचित करें।


**आम सूचना का खंडन**

हरिभूमि समाचारपत्र रायपुर संस्करण दिनांक 27.05.2026 में श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा अधिवक्ता सिविल कोर्ट रायपुर वाले द्वारा अपने किसी पक्षकार की ओर से ग्राम मुर्रा प.ह.नं. 2 रा.नि.मं. धरसीवा-1 तह. धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 200/1 रकबा 0.6400 हे. में से लगभग 1 एकड़ 50 डिसमिल कृषि भूमि को रोशन वर्मा वल्द रामचंद्र वर्मा निवासी ग्राम मुर्रा वाले से क्रय करने का सौदा कर दिनांक 15.04.2026 को विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया गया होने का कथन करते हुए उक्त सौदे में किसी को आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करने संबंधी प्रकाशित आम सूचना पर मैं अपने पक्षकार श्री चुन्नीलाल पटेल पिता हरिचंद पटेल निवासी पटेल पारा, लभान्डी, रायपुर छ.ग. वाले की ओर से निम्नानुसार खंडन प्रकाशित कराता हूं।

उक्त आम सूचना में उल्लेखित भूमि ख.नं. 200/1 रकबा 0.6400 हे. संपूर्ण भूमि को उक्त रोशन वर्मा द्वारा मेरे पक्षकार के पास पूर्व में ही विक्रय करने का सौदा पक्का कर उसके पक्ष में इकरारनामा निष्पादित किया है तथा उससे उक्त सौदे के प्रतिफल के आंशिक भुगतान में विभिन्न तिथियों में एक बड़ी रकम प्राप्त कर चुका है। विक्रेता द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है जिसके लिये मेरा पक्षकार उससे लगातार निवेदन करते आ रहा है। वह कोई ना कोई कारण बताकर शीघ्र रजिस्ट्री कराने का आश्वासन देते आ रहा है किंतु आज दिनांक तक रजिस्ट्री नहीं कराया है। इस तरह उक्त आम सूचना में उल्लेखित उक्त भूमि का मेरे पक्षकार के साथ पूर्व से सौदा है इसलिये उक्त भूमि क्रय आदि ना करें। इसके बाद भी क्रय आदि किया जाता है तो वह सद्भावी क्रेता नहीं माना जावेगा तथा उसे भूमि पर वैध स्वत्व की प्राप्ति भी नहीं होगी एवं उसे व्यर्थ के विवादों में पड़ना पड़ेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक : 29/05/2026

नरेन्द्र कुमार शर्मा
अधिवक्ता
पता - 47/617, राम मंदिर गली, ब्राम्हणपारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं.: 7509711155, 9300414823

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मो. वसीम अकरम पिता मो. सलीम कुरैशी निवासी- वार्ड नं. 11, म.न. 10, गुफ्फार गली, गोबरा नवापारा पोस्ट गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला- रायपुर छ.ग. शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन प्रस्तुत करता है :-

1. यह कि मेरा नाम, पिता का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र मोहम्मद दानियाल (**MOHAMMAD DANIYAL**) का जन्म दिनांक 01/09/2023 को स्थान श्री वर्धमान महावीर हॉस्पिटल रायपुर में हुआ है जिसकी जन्म तिथि नगर पालिका निगम रायपुर में दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
3. यह कि पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम मोहम्मद (**MOHAMMAD**) पिता मो. वसीम कुरैशी एवं पता 40/248 बकरा मार्केट, संजय नगर, टिकरापारा, रायपुर जिला रायपुर दर्ज करवा दिया गया है जबकि पुत्र का वास्तविक नाम मोहम्मद दानियाल (**MOHAMMAD DANIYAL**) पिता मोहम्मद वसीम अकरम (**MOHAMMAD VASIM AKARAM**) पता वार्ड नं. 11, म.न. 10, गुफ्फार गली, गोबरा नवापारा पोस्ट-गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला- रायपुर छ.ग. है तथा यही जानकारी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो में दर्ज करवाना चाहता हूं ताकि भविष्य में पुत्र के नाम को लेकर दस्तावेजो में परेशानी न हो।
4. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।
5. यह कि पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम मोहम्मद दानियाल (**MOHAMMAD DANIYAL**) पिता मोहम्मद वसीम अकरम (**MOHAMMAD VASIM AKARAM**) पता वार्ड नं. 11, म.न. 10, गुफ्फार गली, गोबरा नवापारा पोस्ट गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. दर्ज करवाने के लिये यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी गई बातें जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक 29.05.2026 शपथकर्ता

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7037 दिनांक 13.08.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम.आई.जी-I-05/108 को श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री सुभाष चंद्र सिंह, के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29.05.2015 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2430 दिनांक 25.06.2015 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री सुभाष चंद्र सिंह, निवासीः- एम.आई.जी.-II क्वाटर नं.-478, सेक्टर-1, डी.डी.यू. नगर, डंगनिया रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्री राज यमगर पिता री चंद्रशेखर यमगर, निवासीः- एम.आई.जी. 251, दूसरा लेन, नया रायपुर, सेक्टर-12, पलौद जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम.आई.जी-I-05/108, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4325 दिनांक 21.08.2010 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू.एस.-II 48/211 को श्रीमति कृष्ण कुमार वर्मा पिता श्री बृज लाल वर्मा, के नाम स्वविक्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18.11.2011 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 14290 दिनांक 28.08.2014 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीमति कृष्ण कुमार वर्मा पिता श्री बृज लाल वर्मा, निवासीः- हाउस नं.-37, खुशी इनक्लेव, अमलीडीह सारागांव जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्रीमति विन्धेश्वरी साहू पति श्री देवेन्द्र कुमार साहू, निवासीः-42 वार्ड नं.-14, मौहाडीह, तहसील सारागांव जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस.-II-48/211, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 8386 दिनांक 09.05.2014 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्थित कॉमर्शियल काम्पलेक्स दक्षिण पूर्व कार्नर(भू-तल) दुकान क्रमांक-09 को श्री सुरेश कुमार वर्मा पिता श्री हीरामन वर्मा, के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 10.10.2014 को सेलडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6242 दिनांक 25.11.2014 के द्वारा आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्री सुरेश कुमार वर्मा पिता श्री हीरामन वर्मा, निवासीः- हाउस नं.-11, निलजा, गवर्नमेंट विद्यालय के पास निलजा, सारागांव रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्री नेमन साहू पिता श्री चंद्रहास साहू, निवासीः- शॉप नं.-जी-07, ग्राउंड फ्लोर कामर्शियल काम्पलेक्स सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर थाना-राखी, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्थित कॉमर्शियल काम्पलेक्स दक्षिण पूर्व कार्नर(भू-तल) दुकान क्रमांक-09, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने पद्मश्री दम्पति डा. गोडबोले का किया सम्मान

**रायपुर।** पद्मश्री दम्पति डाक्टर रामचंद गोडबोले और सुनीता गोडबोले से शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने मुलाकात की। कलेक्टर ने उनका शॉल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। साथ ही शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोग हमारे प्रदेश के गौरव है।गौरतलब है कि गत दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री दम्पति डॉ रामचंद गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले पद्मश्री से सम्मानित किया था। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बस्तर के बारसूर जैसे दूरस्थ एवं दुर्गम वनांचल में रहकर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित लोगों तक निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता और जनविश्वास का प्रकाश पहुँचाया। कुपोषण मुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और ग्रामीण-जनजातीय समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना विकसित करने में उनका योगदान अत्यंत अनुकरणीय और प्रेरणादायी रहा है।

### आशीर्वाद भवन में संगोष्ठी आज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में 30 मई को संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ साल पूरे होने और कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के गौरव पं. जुगल किशोर शुक्ल की परंपरा' पर किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से आयोजित होगा। समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राज कुमार दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता खंडवा के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय ललित निबंधकार डॉ. श्रीराम परिहार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील त्रिवेदी मंच साझा करेंगे। हिंदी पत्रकारिता के ऐतिहासिक सफर को रेखांकित करने वाले इस आयोजन में प्रतिष्ठित पत्रिका 'छत्तीसगढ़ मित्र' के मई-2026 अंक का भव्य विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शहर के सभी लेखकों, कवियों, पत्रकारों और प्रबुद्ध नागरिकों शामिल होंगे।

### हांडी तालाब की कराई गई सफाई



**रायपुर।** शहर के तात्यापारा वार्ड क्षेत्र में हांडी तालाब गंदगी एवं जलकुंभी से पट चुका है। नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को इस तालाब में सफाई अभियान चलाया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की मौजूदगी में लगभग 15 सफाई कामगारों की विशेष टीम के जरिए हांडी तालाब में फैली जलकुम्भी को बाहर निकालने का कार्य किया।

# मौसम ने उतारी बिजली की गर्मी, खपत डेढ़ हजार मेगावाट तक घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब पीक आवर में खपत छह हजार मेगावाट से कम
- अप्रैल में सात हजार मेगावाट के पार गई थी खपत



प्रदेश में वैसे तो भीषण गर्मी पड़ रही है और नौतपा भी चल रहा है, लेकिन इसी बीच प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश हो रही है, तो कहीं ओले भी गिर रहे हैं। कहीं बादल छाए हुए हैं। ऐसे में बिजली की खपत की गर्मी भी उतर गई है। जो खपत बीते माह सात हजार मेगावाट के पार चली गई थी, वह अब छह हजार मेगावाट से भी कम हो रही है।

पीक आवर में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार नहीं जा रही है। मई का प्रारंभ ही मौसम के बदलने से हुआ है, अब तो मई समाप्त होने को है, लेकिन अभी मौसम के कुछ दिनों तक इसी तरह से रहने की संभावना है। मौसम ऐसा ही रहा, तो यह बात तय है कि बिजली की खपत और भी कम होगी। इस समय बिजली की खपत जहां दिन के समय में 51 से 52 सौ मेगावाट हो रही है, वहीं शाम को पीक आवर में खपत छह हजार मेगावाट से कम हो रही है। जहां पर भी बारिश हो रही है, वहीं पर एसी और कूलर कम चल रहे हैं।

### अपना उत्पादन कम

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन 26 से 27 सौ मेगावाट तक ही हो पाता है। इस समय तो अपना दो हजार मेगावाट के आस-पास हो रहा है। अब तक कोरबा वेस्ट के संयंत्र में एक 210 मेगावाट के दो संयंत्र खराब है। ये संयंत्र करीब एक माह से खराब ही पड़े हैं। खपत ज्यादा न होने के कारण इनको जल्द प्रारंभ करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली ले रहे हैं। इतने का प्रदेश का शेयर भी है। अप्रैल में तो सेंट्रल सेक्टर से रोज पांच हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी थी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक 210 मेगावाट के संयंत्रों को जल्द प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद सेंट्रल सेक्टर से और कम बिजली लेनी पड़ेगी।

### अप्रैल में बना खपत का रिकॉर्ड

अप्रैल में इस बार खपत का नया रिकॉर्ड बना। बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी। लेकिन इस बार खपत 73 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। अप्रैल में लगातार करीब एक सप्ताह तक खपत सात हजार मेगावाट के आस-पास रही है। पहले कभी इतनी खपत नहीं होती थी। ऐसे में लग रहा था कि मई में खपत का पारा 75 सौ मेगावाट तक जा सकता है, लेकिन मई के मौसम ने बिजली की खपत की पूरी खुमारी उतार दी है।

## धान खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन में सामने आई गड़बड़ी

# 12 समितियों में 6590 क्विंटल धान शॉर्टेज मिला, 3 के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव होने के बाद सभी समितियों में शेष भंडारित धान की जांच की गई। इस जांच में 12 समितियों में कुल 6590 क्विंटल धान का शॉर्टेज पाया गया है। इसके तहत इन समितियों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें से तीन समितियों का जवाब आया है, जिसे संतोषजनक नहीं पाया गया।

इस मामले में अब प्रशासन स्तर पर समितियों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक 3 समितियों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है, वहीं अन्य समितियों के खिलाफ भी एफआईआर कराए जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि धान खरीदी समिति संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने समिति प्रबंधकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को गलत बताया है।

### शॉर्टेज के बदले धान-राशि जमा करने के निर्देश

भौतिक सत्यापन के दौरान जिन धान खरीदी केंद्र समितियों में धान का शॉर्टेज मिला है, उन समितियों के प्रबंधकों को शॉटेज धान के बदले में धान या राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन अब तक किसी भी समिति ने इसका पालन नहीं किया है। समितियों की मनमानी के चलते अब प्रशासन उनके खिलाफ एफआईआर कराने की कार्रवाई कर रही है।



फाइल फोटो

### इन समितियों के खिलाफ एफआईआर

*विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खौना धरसींवा, रवेली अभनपुर एवं छदिया खरोरा समितियों के खिलाफ थाने में एफआईआर कराई गई है। इन समितियों के प्रबंधकों ने शॉटेज धान की भरपाई करने से इंकार कर दिए हैं। इस कारण से उनके खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

### समितियों में 229 से 850 क्विंटल तक धान शॉर्टेज

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के धान खरीदी केंद्र समितियों में धान स्टॉक शून्य हुआ है या नहीं, इसकी जांच के लिए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए विभाग ने रायपुर जिले में भी कमेटी गठित की थी। इस कमेटी में खाद्य, राजस्व, मंडी एवं सहकारिता विभाग के निरीक्षकों को शामिल किया गया है, जिनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों की धान समितियों में जाकर भंडारित धान का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान धान समितियों में बड़ी मात्रा में धान का शॉर्टेज मिला है, जिसकी कुल कीमत करोड़ों रुपए में है। मिली जानकारी के अनुसार जिन समितियों में धान शॉर्टेज मिला है, उनमें कहीं 229 क्विंटल, कहीं 5 से 6 सौ, तो कहीं 7 से साढ़े 8 सौ क्विंटल धान शॉर्टेज मिला है। रायपुर के अलावा अन्य कई जिलों में भी कई समितियों में धान शॉर्टेज मिलने की खबर है।

### इन उपार्जन केंद्र समितियों में मिला धान शॉटेज

| शाखा | उपार्जन केंद्र समिति | शॉटेज धान क्विंटल में |
|---|---|---|
| धरसींवा | कुम्हारी धरसींवा | 298.40 |
| खरोरा | खरोरा | 306.78 |
| खरोरा | छदिया | 455.21 |
| तिल्दा | सरफोंगा | 510.52 |
| तिल्दा | लौहड़ा | 538.34 |
| तिल्दा | देवरी तिल्दा | 560.41 |
| मंदिर हसौद | टेकारी मंदिर हसौद | 608.80 |
| खोरपा | टिकारी | 732.39 |
| खोरपा | फरफौद | 734.10 |
| आरंग | रींवा | 855.92 |
| धरसींवा | खौना | 229.60 |
| अभनपुर | रवेली | 305.20 |

### तीन समितियों के खिलाफ एफआईआर

भौतिक सत्यापन में जहां धान का शॉटेज मिला है। उन समितियों को शॉटेज धान के बदले धान या राशि जमा करने कहा जा रहा है। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तीन समितियों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है।

**कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर

### राईस मिलर्स की लापरवाही का परिणाम

समितियों में शॉटेज मिलना कोई घोटाला नहीं है। यह मार्कफेड और राईस मिलर्स की लापरवाही का परिणाम हैं, जिसके कारण सूखद आने से धान का वजन कम हो जाता है। समय पर उठाव नहीं करने पर राईस मिलर्स पर मार्कफेड पेनॉल्टी भी लगाती है। ऐसे में समितियों के प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर करना सरासर गलत है।

**नरेंद्र कुमार साहू**, प्रांतीय अध्यक्ष, छग धान खरीदी समिति संघ

# बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग रावाभांठा इलाके में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शुक्रवार देर रात की घटना, आगजनी का कारण स्पष्ट नहीं
- रावाभांठा स्थित भारती फूड्स में बनाई जा रही थी बिस्किट

रावाभांठा स्थित भारती फूड्स फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। हालांकि संबंधित अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रित है।

जानकारी के अनुसार, खम्तराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रावाभांठा स्थित भारती फूड्स में बिस्किट का निर्माण होता है। यहां शुक्रवार देर रात एक हिस्से में आग लग गई। देखते-देखते आग अन्य हिस्सों में भी पहुंच गई। फायर बिग्रेड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश करती रही। आग के भीषण होने के कारण कई घंटों की मशक्कत के बाद भी इसे पूरी तरह बुझाया नहीं जा सका।

### चार करोड़ की क्षति

मेटन पार्क स्थित यह फूड फैक्ट्री भारती कोडवानी की बताई जा रही है। फैक्ट्री में बिस्किट निर्माण होता है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की भीषणता को देखते हुए लगभग 4 करोड़ की हानि का अंदाजा लगाया जा रहा है। इनमें खाक हुई लगभग 1.5 करोड़ की मशीन शामिल है। करीब 2 करोड़ की बिस्किट खाक होने की भी बात कही जा रही है। मामले की जानकारी होते ही उरला थाना पुलिस समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। किसी तरह की जनहानि की सूचना खबर लिखे जाने तक नहीं है।

# पुनर्मूल्यांकन तिथि आगे बढ़ी, अब आवेदन जून में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- छात्रों को एक प्रश्न के लिए देने होंगे 25 रुपए

सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 12वीं के री-इवैल्यूएशन और वेरिफिकेशन प्रक्रिया को लेकर अपडेट जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए पोस्ट-रिजल्ट एक्टिविटीज पोर्टल अब 1 जून से शुरू किया जाएगा।

इससे पहले सीबीएसई ने कहा था कि आवेदन पोर्टल शुक्रवार, यानी 29 मई तक शुरू किए जाने की उम्मीद है। हालांकि अब बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि पारदर्शी और बिना तकनीकी दिक्कत वाली प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल को 1 जून से चालू किया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया में उच्चतम मानकों और सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया जा सके।

बोर्ड चाहता है कि छात्र बिना किसी तकनीकी समस्या के अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकें।

### अंक बढ़े तो शुल्क वापस

अगर किसी छात्र को प्रक्रिया से जुड़ा कोई सवाल या समस्या हो, तो वे सीबीएसई की टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800 11 8004 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र **resultcbse2026@cbseshiksha.in** ईमेल आईडी पर भी अपनी शिकायत या सवाल भेज सकते हैं। पूर्व में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों के बाद सीबीएसई ने पोस्ट-रिजल्ट सेवाओं की फीस में भी बदलाव किया था। संशोधन के मुताबिक, स्कैन कॉपी प्राप्त करने और मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए छात्रों को प्रति विषय 100 रुपए शुल्क देना होगा। वहीं, री-इवैल्यूएशन के लिए शुल्क प्रति प्रश्न के हिसाब से लिया जाएगा, जो कि 25 रुपए प्रति प्रश्न निर्धारित किया गया है। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि अगर री-इवैल्यूएशन के बाद किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं, तो उससे लिया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

# पचास से ज्यादा दुकानों की जांच 105 किलो सड़े आम और केले नष्ट

**तीन दिन का जांच अभियान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने तीन दिन के भीतर राजधानी में पचास से ज्यादा फल दुकानों की जांच की। इस दौरान 105 किलो आम और सड़े केले नष्ट कराए गए। कारोबारियों को इस दौरान चेतावनी दी गई कि फलों पर स्टीकर नहीं लगाएं और उन्हें पकाने केमिकल अथवा अन्य रसायनों का इस्तेमा ना करें।

खाद्य एवं औषधि नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने 27 से 29 मई तक जिला स्तर पर फलों की जांच के लिए अभियान चलाने का निर्देश जारी किया था। इस दौरान मिलने वाले सड़े-गले फलों को नष्ट कराने की हिदायत भी दी गई है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले की टीम ने इस अवधि में शहर की 52 फल विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फल विक्रेताओं को सुरक्षित व स्वच्छ दशाओं में फलों का रख-रखाव, भण्डारण एवं विक्रय करने के कड़े निर्देश दिए गए। जांच में सड़ी-गली हालत में भण्डारित लगभग 105 किलो आम, 10 किलो अंगूर एवं 7 दर्जन लोकर लगे केले पाए गए, जिन्हें मौके पर ही तत्काल नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने सभी विक्रेताओं को स्टीकर लगाकर फलों को पकाने, केमिकल एवं सिंथेटिक कलर युक्त फलों का विक्रय नहीं करने की सख्त हिदायत दी। ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित फल मिल सकें। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे भी जारी रहेगी। मिलावटी व असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विक्रय पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# टाउन हॉल में सेवानिवृत्त 68 कर्मचारी हुए सम्मानित



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह हुआ। इसमें सेवानिवृत्त होने वाले 68 शासकीय कर्मचारियों को श्रीफल, शॉल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कलेक्टर ने सम्मानित किया, साथ ही सभी कर्मचारी को सभी सत्वों का तत्काल भुगतान किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में स्कूल शिक्षा विभाग से 21, स्वास्थ्य विभाग से 3, राजस्व विभाग से 2, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 2, जल संसाधन विभाग से 11, उच्च शिक्षा विभाग के 7, पशुधन विकास विभाग से 2, वन विभाग से 3, लोक निर्माण विभाग से 2, जेल विभाग से 3, उद्यानिकी विभाग से 1, संस्कृति विभाग से 1 शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय कर्मचारी सदैव प्रशासन की सेवा करते हैं, उनके पूरे सेवाकाल की समाप्ति पर सहसम्मान विदाई हो इसके लिए प्रोजेक्ट वंदन की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि अब से किसी भी विभाग के कर्मचारी रिटायर होंगे, उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कोषालय अधिकारी गजानन पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### वार्ड 26 में विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 2 अंतर्गत दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक-26 में शुक्रवार को कई विकास कार्यों की सौगात दी गई। इसके तहत लगभग 50 लाख रुपए के स्वीकृत नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, साथ ही लगभग 75 लाख के नए विकास कार्य पूर्ण होने पर उनका लोकार्पण किया। महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत, सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने स्वीकृत विकास कार्य के लिए पूजा और कूदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, दानवीर भामाशाह वार्ड पार्षद रामहीन कुर्रे सहित बड़ी संख्या अन्य लोग उपस्थित रहे।







# 85 हजार शिक्षकों को दिलाना होगा टेट, कर्मचारी चयन बोर्ड के स्थान पर विभागीय परीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार समय पर परीक्षा कराना अनिवार्य
- टेट अनुत्तीर्ण शिक्षकों की पदोन्नति-वेतनवृद्धि नहीं

प्रदेश के 85 हजार शिक्षकों को वेतनवृद्धि अथवा पदोन्नति के लिए टेट दिलानी होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश देते हुए सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। अब तक व्यापम शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करता आ रहा है।

व्यापम का स्थान अब कर्मचारी चयन बोर्ड लेगा। भविष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा किया जाएगा, लेकिन कार्यरत शिक्षकों के लिए परीक्षा विभागीय स्तर पर आयोजित करने की तैयारी है। इसके पूर्व लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 13 मार्च 2026 को सभी संयुक्त संचालकों व जिला शिक्षा अधिकारियों से उन शिक्षकों की जानकारी मांगी गई थी, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में ऐसे शिक्षकों की संख्या लगभग 85 हजार है। टेट अनिवार्य करने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 मई को दिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित राज्यों और सक्षम अधिकारियों को समय-समय पर टेट आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### समय-सीमा में वृद्धि

कोर्ट ने राहत देते हुए परीक्षा पास करने की समय-सीमा को 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दिया है। लेकिन अन्य प्रावधानों में छूट नहीं दी गई है। सेवानिवृत्ति से जुड़े नियमजिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष या उससे कम का समय बचा है, उन्हें इस परीक्षा से छूट दी गई है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक शेष है, उनके लिए टेट पास करना पूर्णतया अनिवार्य है और ऐसा न करने पर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है।

### ऑफलाइन परीक्षा की मांग

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जुलाई माह में विभागीय स्तर पर शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया है। शिक्षक संघ के अनुसार, 6 माह के अंतराल में यदि प्रत्येक वर्ष 2 बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाए तो योग्य शिक्षकों को कानूनी जरूरत को पूरा करने का सही मौका मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने, विभागीय सीमित टेट पात्रता परीक्षा के आयोजन से न्यायालय व शासन की जटिलताएं पूरी तरह दूर हो जाएंगी। एसोसिएशन ने शासन को सुझाव दिया है कि शिक्षकों की सुविधा के लिए प्रत्येक विकासखंड की 5-7 बड़ी शालाओं या संकुल शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया जाए, ताकि शिक्षक अपनी निकटस्थ शाला में आसानी से परीक्षा दे सकें। परीक्षा के अंतर्गत पेपर-I एवं पेपर-II दोनों आयोजित किए जाएं। शिक्षक पात्रता परीक्षा पूरी तरह ऑफलाइन आयोजित की जाए। चूंकि यह सेवाकालीन शिक्षकों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा है, इसलिए न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित किया जाए।*

02



मैजिक बुक से अक्षर ज्ञान, बेहतर होगी....


इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय आम महोत्सव' का शानदार शुभारंभ हुआ। आम महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की।इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के 250 से अधिक अनोखे और दुर्लभ किस्मों के आमों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही उन्हें चखने का अवसर भी मिल रहा है।



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव में लगा विविध किस्मों की प्रदर्शनी

# 150 दुर्लभ प्रजातियों का आम देख गदगद हुए लोग, स्वाद भी चखा



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में देश भर के आम के बगीचों में लगने वाले किस्म-किस्म के आम पहुंचे हुए हैं। यहां आम के शौकीन लोगों को अनोखे से अनोखे किस्म के आम देखने और स्वाद चखने का अवसर मिल रहा है। शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय के कृषक मंडपम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जहां देश भर के किसानों व प्राइवेट मैंगो फार्मिंग कंपनियों के 250 से अधिक वैरायटी की आमों की प्रदर्शनी लगाई है। इस आम महोत्सव में बस्तर संभाग के जंगलों में मिलने वाले करीब 150 दुर्लभ किस्मों के आमों की प्रदर्शनी भी लगाई है, जिसे देख कर महोत्सव में पहुंचे लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं और कह रहे हैं कि 'उन्होंने न तो कभी बाजार में ऐसा आम देखा है, न ही कभी इसका स्वाद चखा है।' महोत्सव में आम की ये किस्में जगदलपुर क्रांतिकारी डेबरीधुर हर्टिकल्चर महाविद्यालय के द्वारा प्रदर्शित किया गया है। महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित महिलांग ने बताया कि ये आम बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, कांकेर के जंगलों में मिलने वाली नैचुरल आम की किस्में हैं। इन आमों के वैज्ञानिक नाम या पहचान का पता नहीं चला है, पर स्थानीय लोग अपने सुविधानुसार इसका नामकरण किए हुए हैं। ये आम आदिवासी अंचल के स्थानीय हाट-बाजार में ही मिलते हैं। शहर के फल बाजारों में उपलब्ध नहीं है।



## आम की खेती में पिता का हाथ बंटा रहीं बेटियां

आम महोत्सव में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जहां शहर के बागबहारा की रहने वाली दो बहनें संस्कृति शर्मा और आर्या शर्मा अपने पिता के साथ अपने फार्म के आमों की स्टॉल लगाई हैं। संस्कृति और आर्या ने बताया कि बागबहारा में उनका फार्म है, जहां पिताजी 5 एकड़ में आम, सब्जियों व फसलें उगाते हैं। इसमें पढ़ाई से समय निकालकर पिता के कृषि काम में हाथ बंटाते हैं। महोत्सव में वे दशहरी, लंगड़ा, हिमसागार, पजली आम की किस्में लेकर पहुंची हैं।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व में आम उत्पादन में अग्रणी है और देश में एक हजार से अधिक किस्मों के आम पाए जाते है। राज्यपाल ने कहा कि बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में आम उत्पादन की बहुत संभावनाएं है। मैंगों टूरिज्म की भी छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आम फलों का राजा है। आम की पत्तियों और लकड़ियों का भी हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। हमारे घरों में मांगलिक कार्य होने पर हम आम की पत्तियों से तोरण बनाते है एवं आम की सूखी लकड़ियों का उपयोग हवन एवं पूजा में करते है।



## एमबीए, इंजीनियरिंग के बाद शुरू की आम की खेती

महोत्सव में अरुणीका, नीनाचंल केसरी जैसी 22 किस्मों की आम लेकर जगदलपुर से पहुंचे नई पीढ़ी के आम उत्पादक किसान इशांश सिंह राठौर ने बताया कि वह एमबीए, इंजीनियरिंग की पढ़ाई और बेंगलुरु में जॉब करने के बाद घर लौटकर पुस्तैनी कृषि कार्य शुरू किया और 2018 में 5 एकड़ में आम की फार्मिंग कलम पद्धति से शुरू किया। आज वह अपने फार्म में 40 प्रकार के आम उत्पादित कर रहे हैं। इस कार्य में उनके भाई शुभंम सिंह राठौर और सुमम सिंह राठौर सहयोग कर रहे हैं।




## आम की फार्मिंग से जुड़ीं 800 महिलाएं

*महोत्सव में धमतरी जिले से आम की सुंदरी, लंगड़ा, आम्रपाली जैसी 10 से अधिक किस्में लेकर पहुंचीं फुलेश्वरी मरकाम और सोमती झुर्री ने बताया कि जिले के अंतर्गत 400 एकड़ में आम की खेती स्थानीय किसानों के द्वारा की जा रही है। यह नाबार्ड, उद्यानिकी, नरेगा विभाग और एनजीओ के सहयोग किया जा रहा है। हमारी कंपनी गट्टासिल्ली फार्मर प्रोयूडसर कंपनी लिमिटेड नगरी के तहत डुबान अंचल बाड़ी विकास समिति से जुड़कर 800 महिला सदस्य आम की खेती से लेकर सब्जी व फसलें उत्पादन कर रही हैं।*

## सिटी इवेंट

## एनआईटी में प्रदेश का पहला एफआईई इनक्यूबेशन सेंटर शुरू, स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा



**रायपुर।** एनआईटी में 1 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एफआईई इनक्यूबेशन सेंटर की शुरुआत हुई। शुक्रवार को गोल्डन टॉवर की दूसरी मंजिल पर इसका उद्घाटन किया गया। यह छत्तीसगढ़ का पहला डीएसटी-निधि टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर है, जो वर्तमान में क्लीन-टेक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा बहुविषयक तकनीकी एकीकरण जैसे क्षेत्रों में 50 से अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान कर रहा है। इस एफआईई इनक्यूबेशन सेंटर से आने वाले समय में स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही संस्थान परिसर के भीतर सात नई अवसंरचना सुविधाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। इसमें 25.57 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए जी+6 अकादमिक एनेक्स-आई भवन का उद्घाटन भी शामिल है। लगभग 4800 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र वाले इस भवन में 35 कक्ष हैं, जिनमें विभिन्न विभागों की कक्षाएं तथा एनआईटी आरआरएफआईई इनक्यूबेशन सेंटर संचालित होगा। ये परियोजनाएं शिक्षा, अनुसंधान, अतिथि-सत्कार, उद्यमिता तथा सतत विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। समारोह की अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे ने की तथा इसमें संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव उपस्थित रहे।

### पब्लिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन चालू

गोल्डन टॉवर के सामने सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का भी शुभारंभ किया गया, जिसे विद्युत मंत्रालय की रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इसमें 60 किलोवाट तक क्षमता वाले दो एसी-डीसी चार्जर लगाए गए हैं, जो स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा अनुभाग का भी शुभारंभ

उद्घाटन श्रृंखला का समापन केंद्रीय पुस्तकालय में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुभाग के शुभारंभ के साथ हुआ। इस अनुभाग में भारत की बौद्धिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित पुस्तकें, पांडुलिपियां, जर्नल एवं संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पारंपरिक भारतीय ज्ञान को आधुनिक शिक्षा एवं अनुसंधान से जोड़ा जा सके।

### करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं

उच्च-वोल्टेज इम्पल्स परीक्षण प्रयोगशाला की आधारशिला रखी गई। इसमें 9.12 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस जी+2 परियोजना, 13.27 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली प्लेटिनम अतिथि गृह का शिलान्यास, 25.57 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए जी+6 अकादमिक एनेक्स-I भवन का उद्घाटन, 16.91 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस जी+2 भवन मेकर्स्पेस एवं अनुसंधान भवन की आधारशिला शामिल हैं।



## पहचान पाने संघर्षरत युवक की कहानी है 'मैं अनिकेत हूं'

**रायपुर।** चर्चित हिंदी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का मंचन एक बार फिर रायगढ़ और बिलासपुर में होने जा रहा है। रोटरी क्लब रायगढ़ स्टील सिटी के माध्यम से यह सस्पेंस थ्रिलर ड्रामा जिंदल सभागृह पतरापाली रायगढ़ में 30 मई की शाम सात बजे मंचित किया जाएगा। वहीं, जीआई हेल्थ फाउंडेशन 'मैं अनिकेत हूं' का मंचन 31 मार्च को शाम सात बजे सिम्स ऑडिटोरियम में कराने जा रहा है। दोनों शहरों में रंगप्रेमियों और दर्शकों को प्रवेश के लिए पास, आमंत्रण पत्र अनिवार्य किया गया है। यही कारण है कि 'मैं अनिकेत हूं' को देखने के लिए रायगढ़ में पास और बिलासपुर में निमंत्रण पत्र को लेकर दर्शकों में भी उत्सुकता बनी हुई है। विजया श्री हैरिटेज, संस्कार भारती और ऑल रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर के सह आयोजन में लोगों को अच्छा माहौल मिलने वाला है। महाराष्ट्र मंडल से जुड़े रंगकर्मियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए रिहर्सल को अंतिम रूप दिया।

### लाइट, साउंड, मंच सज्जा के लिए जिम्मेदारी तय

बिलासपुर में होने वाले नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का रायपुर सहित छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा में आठ जगहों पर मंचन किया गया है। इस सुपरहिट नाटक



में एक व्यक्ति के पहचान को लेकर किए जा रहे संघर्ष और अदालत में गवाहों की ओर से उसे नकारने के घटनाक्रम को दिलचस्प तरीके से दिखाने का प्रयास कलाकारों ने पूर्व में किया है। अनिकेत की केंद्रीय भूमिका में निर्देशक शशि वरवंडकर हैं। चेतन गोविंद दंडवते, दिलीप लांबे, प्रकाश खांडेकर, रंजन मोड़क, डॉ. अनुराधा दुबे, रविंद्र ठेंगड़ी, भारती पलसोदकर, विनोद राखुंडे, डॉ. प्रीता लाल, डॉ. अभया जोगलेकर, डॉ. शुचिता देशमुख, पंकज सराफ इस नाटक का हिस्सा हैं। श्याम सुंदर खंगन भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। नेपथ्य में लाइट, साउंड, मंच सज्जा की जिम्मेदारी अजय पोतदार, प्रवीण क्षीरसागर, प्रकाश गुरुव संभालेंगे।

## विद्यार्थियों ने बनाए इंटरैक्टिव मोबाइल ऐप्स सीखी प्रोग्रामिंग लॉजिक की बारीकियां

**रायपुर।** साइंस सेंटर में ऐप क्राफ्ट स्टूडियो समर साइंस कैम्प का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कैंप में विद्यार्थियों ने मोबाइल ऐप्स और प्रोग्रामिंग लॉजिक की बारीकियां सीखीं। मोबाइल एप्लिकेशन डेवलपमेंट की उन्नत अवधारणाओं से परिचित कराया गया तथा उन्हें विभिन्न इंटरैक्टिव मोबाइल ऐप्स विकसित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय कैम्प के सैद्धांतिक सत्र में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से आए विशेषज्ञों ने वैरियबल एवं लिस्ट्स की अवधारणा को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी एप्लिकेशन में डेटा को संग्रहित एवं प्रबंधित करने के लिए वैरियबल एवं लिस्ट्स का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके



साथ ही कंडिशनल स्टेटमेंट्स, यूजर इनपुट एवं डाटा हैंडलिंग की मूलभूत अवधारणाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने ऐप्स लॉजिक फ्लो को समझाते हुए बताया कि किसी एप्लिकेशन के विभिन्न निर्णय एवं कार्य किस प्रकार उपयोगकर्ता के इनपुट के आधार पर संचालित होते हैं। सैद्धांतिक सत्र के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा ऐप निर्माण के दौरान आने वाली सामान्य त्रुटियों एवं प्रोग्रामिंग लॉजिक से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विशेषज्ञों ने ट्रबल शूटिंग टेक्नीक्स एवं लॉजिक इम्प्लीमेंटेशन के व्यावहारिक पहलुओं को विस्तार से समझाया।

महान शायर बशीर बद्र की स्मृति में ऑनलाइन गजल संध्या व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

## वो नहीं मिला तो मलाल क्या, जो गुजर गया सो गुजर गया...महान शायर बशीर बद्र को किया याद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में गजल संध्या एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संगीत के छात्र-छात्राओं ने महान उर्दू शायर बशीर बद्र को उनकी रचनों से श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। शुक्रवार को सुबह 11 बजे ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से विशेष गजल संध्या एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी में महाविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बद्र साहब की लोकप्रिय रचना 'कोई हाथ भी न मिलाएगा, जो गले मिलोगे तपाक से...' को ग़ज़ल में पिरोकर छात्रा शारदा नाथ ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। वहीं, दूसरी प्रसिद्ध गजल 'सर झुकाओगे तो पत्थर भी देवता हो जाएगा, इतना मत चाहो उसे वो बेवफ़ा हो जाएगा' को छात्रा वर्षा चतुर्वेदी ने भावपूर्ण प्रस्तुति से गजल संध्या को नया आयाम दिया। छात्रा सोनाली ने 'ना जी भर के देखा, ना कुछ बात की, बड़ी आरज़ू थी मुलाक़ात की' गाकर वातावरण को भावुक बना दिया।





### रूहानी आवज से दिल में उतरे

इसके अलावा छात्र श्रीरीष शर्मा ने जगजीत सिंह द्वारा लोकप्रिय बनाई गई गजलें 'खुश रहे या बहुत उदास रहे, ज़िंदगी तेरे आसपास रहे...वो नहीं मिला तो मलाल क्या, जो गुजर गया सो गुज़र गया...' सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही प्राप्त की। छात्रा प्रीति साहू ने 'कभी यूं भी आ मेरी आंख में कि मेरी नज़र को खबर न हो...' छात्र पप्पू यादव ने 'हंस के बोला करो बुलाया करो, आप का घर है आया जाया करो...' गज़ल को अपनी रूहानी आवज में प्रस्तुत कर दिल में उतर गए।

### राग बैरागी भैरव में गजल की प्रस्तुति

कार्यक्रम में संगीत के शिक्षक डॉ. दीपक बेडेकर ने भी स्वरांजलि अर्पित करते हुए 'रात आंखों में ढली, पलकों पे जुगनू आए...' गजलें प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से राग बैरागी भैरव में निबद्ध रचना 'खुदा हमको ऐसी खुदाई न दे, कि अपने सिवा कुछ दिखाई न दे...' गाकर महान शायर बशीर बद्र साहब को अपने स्वरों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धर्म लाइव

# गुरु अर्जन देव की याद में आज शरबत वितरण व चित्र प्रदर्शनी



**रायपुर।** गुरु अर्जन देवजी के 420वें शहीदी दिवस पर छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा विशाल शरबत वितरण का आयोजन 30 मई को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्री गुरु अर्जन देव के धर्म ना छोड़ने के लिए त्याग और बलिदान को याद किया जाएगा। साथ ही उनके जीवन के प्रेरणादायक क्षणों और शिक्षा से संबंधित उनकी जीवनी पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, ताकि बच्चों, युवाओं और जनसामान्य को उनके बलिदान से जुड़ी जानकारी दी जा सके। विशाल छबील में छत्तीसगढ़ के सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, समाजसेवी संस्थाओं, संगठनों और एसोसिएशनों के पदाधिकारी और समाज के सभी वर्गों की महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों की भागीदारी रहेगी। सभी गुरु अर्जन देव की शहादत को नमन करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सभी मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि शामिल होंगे और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। उनके जीवन चरित्र के बारे में जानेंगे और अपने हाथों से शरबत वितरित करते हुए सेवा का पुण्य प्राप्त करेंगे।

### तेलीबांधा गुरुद्वारा के सामने सजेगा छबील का स्टाल

छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा सहित समाज के सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के अध्यक्ष-सचिवओं ने संगत से अपील की है कि इस विशाल छबील में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें। तेलीबांधा गुरुद्वारा के सामने सुबह 10 बजे आस्था का सैलाब उमड़ेगा, जो लगातार शाम 4 बजे तक जारी रहेगा। समाज के प्रमुख सदस्यों में नरेंद्र सिंह हरगोत्रा, स्वर्ण सिंह चावला, कुलवंत सिंह खालसा, मनजीत सिंह भाटिया, स्वर्णपाल सिंह चावला, जागीर सिंह बावा, देवेंद्र सिंह चावला, रोमी चड्ढा सहित सभी लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। रणजीत सिंह खनूजा, अमृत सिंह सूर, जसप्रीत सिंह चावला, इंदर पाल सिंह गांधी, गुरमीत सिंह छाबड़ा इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देंगे। इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

## स्कूल खुलने से पहले बुक मार्केट में अभिभावकों की बढ़ी धमक, बच्चों की पसंद को दे रहे रिस्पांस

# मैजिक बुक से अक्षर ज्ञान, बेहतर होगी लिखावट मार्केट में पेंसिल-कटर और कार्टून प्रिंटेड बाक्स

मैजिक बुक से अक्षर ज्ञान का एहसास बच्चों को देने के लिए मार्केट सजकर तैयार है। बेहतर लिखावट के लिए पेंसिल-कटर के साथ कार्टून प्रिंटेड बाक्स पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों की पसंद को देखते हुए माता-पिता भी रिस्पांस दे रहे हैं। अभिभावकों की धमक बढ़ने से परीक्षा के बाद से सन्नाटे का सामना करने वाले बुक शॉप संचालकों की पूछ-परख एक बार नए सत्र से पहले बढ़ने लगी है। स्टेशनरी प्रोडक्ट में खिलौने के स्वरूप में अध्ययन सामग्री सजाई गई हैं।

**रायपुर।** स्कूल खुलने से पहले चाइना स्टेशनरी की बाजार में धूम है। इसमें पेंसिल, कटर और खिलौने के स्वरूप में मैजिक बुक पर लिखने के लिए पेंसिल की विविध वेरायटी दुकानदार ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहे हैं। स्टेशनरी वाले भी अच्छी ग्राहकी मिलने से लोगों के लिए प्रोडक्ट उपलब्ध करवा रहे हैं। डिजाइन की गई स्टेशनरी को अभिभावक भी खरीद रहे हैं, क्योंकि उन्हें कम दाम में बच्चों के लिए बेहतर सामग्री मिल रही है। बाजार में नर्सरी,





### अक्षर ज्ञान करवाने के लिए प्रेक्टिस बुक

स्टेशनरी एवं बुक बेचने वाले परवेज सकील्लुद्दीन और विवेक अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को आकर्षित करने वाली सामग्री को उनके माता-पिता इसलिए भी खरीद रहे है, ताकि पढ़ाई में उनके बच्चे का मन लगा रहे। मैजिक प्रेक्टिस बुक पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए लोग ज्यादा खरीद रहे हैं। इसे बच्चों के माता-पिता क्लास थ्री में पढ़ने वाले बेटे- बेटियों के लिए भी खरीद रहे हैं। इसमें अलग-अलग ड्राइंग के माध्यम से बच्चों को कलर भरते हुए अक्षर ज्ञान करवाने के लिए पेंसिल भी देते हैं, इसलिए रिस्पांस ज्यादा मिल रहा है।

पहली क्लास में प्रवेश लेने वाले बच्चों को लुभाने वाली सामग्री दुकानों में सजाई गई हैं। स्टेशनरी के कारोबार से जुड़े लोग इसका फायदा ले रहे हैं। इस बार बच्चों को अक्षर ज्ञान और अभ्यास करवाने के लिए मैजिक बुक की डिमांड हैं। 200 से 250 रुपए में सेट मिलने से लोग बच्चों के लिए खरीद रहे हैं।



### पेंसिल रखने के लिए भी लेदर कवर

बाजार में चाइना सामग्री अब जोर पकड़ने लगी है। इसे देखते हुए हर स्टेशनरी की दुकान पर इन्हें बेचा जा रहा है। कम दाम में मिलने के कारण पालक भी इन्हें खरीद रहे हैं। इनमें पेंसिल बॉक्स की कई रेंज दुकानों के बाहर सजाई गई हैं। कपड़े, लेदर और फोम से बने ये बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं। 50 से 250 रुपये की रेंज में कार्टून कैरेक्टर थीम पर तैयार किए गए बॉक्स लोग इसलिए खरीदना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि इनमें टूट-फूट का खतरा कम रहता है। यदि बच्चे इन्हें गिरा भी दें, तो नुकसान नहीं होता।

### डिजाइनर पेन और पेंसिल की भरमार

दुकान कर्मी ग्राहकों को भारतीय स्टेशनरी की बजाय चीनी सामग्री दिखा रहे हैं। कम दाम में बेहतर क्वालिटी मिलने के कारण लोग विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए पेन और पेंसिल खरीदना पसंद कर रहे हैं। पेंसिल देते हुए दुकानदार उनकी उपयोगिता भी बताते हैं कि नोटबुक में लिखते समय अगर कोई गलती हो जाती है, तो उसे मिटाने के लिए पेंसिल और पेन के ऊपरी हिस्से में खास रबर लगे होते हैं। इनसे तुरंत गलती मिटाने और नोटबुक में सुधार करने की सुविधा होने के कारण लोग इन्हें बहुत पसंद कर रहे हैं।



# गुरु भगवंतों का भव्य मंगल प्रवेश कल 108 वरिष्ठजन करेंगे पत्रिका लेखन

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में त्रिरत्न-महायज्ञ के रूप में भव्य जैन धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय महोत्सव 16 से 18 जून तक होगा। महोत्सव से पूर्व 31 मई को संत एवं साध्वियों के मंडल का भव्य मंगल प्रवेश होगा। संत-साध्वियों का राजधानी की सीमा में पदार्पण हो चुका है, जिससे सकल जैन समाज में उत्साह का माहौल है। राजधानी सहित छत्तीसगढ़ और देशभर से श्रद्धालु महोत्सव में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इस तीन दिवसीय महोत्सव में देशभर से जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन को लेकर सकल जैन श्री संघ एवं आचार्य पदारोहण- सहस्त्रावधान - तपस्या महोत्सव समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर सुबह 7 बजे सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा, जो दादाबाड़ी, एमजी रोड तक पहुंचेगा। नगर प्रवेश के दौरान घोड़े, ऊंट, स्वर मंदिर बैंड, प्रसिद्ध चंपारण बैंड, नर्तक दल तथा ध्वजाओं के साथ महिला-पुरुषों की सहभागिता वरघोड़े की भव्यता बढ़ाएगी। वहीं, 31 मई को सुबह 9.30 बजे दादाबाड़ी में पत्रिका लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संतों व साध्वियों की निश्रा तथा सकल जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति में 108 गणमान्य धर्मनिष्ठ श्रावकों द्वारा पत्रिका लेखन का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ता महेंद्र मुकीम भावाभिव्यक्ति प्रस्तुत करेंगे।



### ये होंगे विशेष आयोजन

महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख और महासचिव अशोक कांकरिया ने बताया कि इस धार्मिक महोत्सव में तीन प्रमुख आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पहला पन्यास प्रवर गणाधीश विनय कुशल जी मसा का ऐतिहासिक आचार्य पदारोहण। दूसरा प्रमुख आयोजन तपस्या से जुड़ा है। तप चक्रवर्ती पन्यास प्रवर श्री वीरभद्र मुनि के उपवास का क्रम जारी है। तीसरा प्रमुख आकर्षण बालमुनि प.पू. हंसभद्र मुनि का सहस्त्रावधान कार्यक्रम होगा।

### ये होंगे प्रचार-प्रसार समिति में

महोत्सव में प्रचार प्रसार समिति के अजय मालू और कन्हैया लूनावत ने बताया कि गुरु भगवंतों के नगर प्रवेश के दौरान समिति के सदस्यों के साथ-साथ विनय भंसाली, आशीष, रजत, राकेश, जिनेश, मुकेश, ललित, विनोद, अनिल, नीलेश, विवेक, दिवस और नितिन आदि विहार सेवा में शामिल हुए। समिति ने समाजजनों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# साहित्यकार, प्रबुद्ध वक्ता मार्तण्ड की परंपरा पर आज करेंगे संवाद



**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा और शिक्षा मंडल की संयुक्त पहल पर आशीर्वाद भवन में आगामी 30 मई को गरिमामय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ साल और कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के गौरव परंपरा को लेकर पं. जुगल किशोर शुक्ल का वक्तव्य होगा। इसका शुभारंभ आशीर्वाद भवन बैरनबाजार के कॉन्फ्रेंस हॉल में शाम 6 बजे होगा। समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता खंडवा के सुप्रसिद्ध निबंधकार डॉ. श्रीराम परिहार होंगे। इस आयोजन के दौरान कई अहम विषयों पर मंथन की तैयारी है। इस आयोजन में कई साहित्यकार शामिल होने वाले हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा करेंगे। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील त्रिवेदी मंच साझा करेंगे। हिंदी पत्रकारिता के ऐतिहासिक सफर को रेखांकित करने वाले इस आयोजन में प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा सहभागिता निभाई जाएगी।

## समाज लाइव

# भैरव सोसायटी में कल पूनम को होगी दादागुरुदेव की बड़ी पूजा



**रायपुर।** आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म सा हस्ते प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में पूनम के अवसर पर आगम ज्ञाता विनयकुशल मुनिजी म सा के सुशिष्य ओजस्वी वक्ता और तपस्वी श्री विराग मुनि के गतिमान 151वें उपवास के अनुमोदनार्थ दादागुरुदेव की बड़ी पूजा रविवार 31 मई को सुबह 9.30 बजे से होगी। जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पूज्य श्री विराग मुनि जी के आज लगातार 150वां उपवास गतिमान है व तपस्या अनवरत जारी है। गुरुदेव सुखशाता पूर्वक स्वस्थ और विहार कर रहे हैं। गुरुभक्ति में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के साथ छत्तीसगढ़वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। अध्यक्ष सन्तोष बैद, वर्धमान चोपड़ा, दीप्ती बैद, निर्मल पारख द्वारा बड़ी पूजा का विधान किया जाएगा।

### विधिकारक करवाएंगे बड़ी पूजा शामिल होंगे परिवार

विधिकारक विमल गोलेछा पूजा व विधान सम्पन्न कराएंगे। पूनम पर पूजा के लाभार्थी परिवारों की ओर से गुरुप्रसादी रखी गई है। दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी पुष्पा देवी, मनोज, कविता कोठारी, ललित, एकाग्र बैद परिवार, इंदर चंद, जय विजय सांखला परिवार, अनमोल, ममता, दर्श जैन सहित भक्त परिवार की उपस्थिति से उत्सव का माहौल बनेगा। वर्तिका, वर्धमान, वैभव चोपड़ा, बसंत जितेन्द्र नाहर, पदमचंद मनीष बरड़िया मुम्बई, नीलम चंद, डॉ. अंशुल बरड़िया, गुमान चंद सुरेश चंद झाबक इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी होंगे। बड़ी पूजा के दौरान मंत्रोच्चार की गूंज रहेगी। श्री कोचर ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है।

# राष्ट्रीय समिति की बैठक आज से, शामिल होंगे संगठन प्रमुख

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्य समिति की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण बैठक 30 एवं 31 मई को इंदौर स्थित सिमचा रिजॉर्ट्स में आयोजित होने जा रही है। इसमें देशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भी शामिल होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन से भी एक प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में इंदौर जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान के साथ ही सरोकार से जुड़े बिन्दुओं पर मंथन किया जाएगा। साथ ही समाज की सहभागिता, सामाजिक, राजनीतिक और व्यापारिक मुद्दों को लेकर बैठक में चर्चा होने वाली है। इसमें रायपुर से भी संगठन से जुड़े पदाधिकारी शामिल होंगे।












## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 एलिट ग्रुप में रायपुर ब्लू विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में चौथे दिन शुक्रवार को रायपुर (ब्लू) की टीम ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर जीत हासिल की। बल्लेबाजी में रायपुर (ब्लू) टीम पहली पारी में 407 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 186 रन से आगे खेलते हुए 306 रन बनाकर आउट हो गई। इस प्रकार रायपुर (ब्लू) की टीम ने पहली पारी के आधार पर 101 रनो की बढ़त हासिल की। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में 306 रन पर आउट हो गई। यश शर्मा ने 104 रन, आदित्य बैडवाल ने 96 रन, आयुष ने 20 रन, आरुष कापसे ने 16 रन एवं आशुतोष अवस्थी ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर (ब्लू) के पंचम डोंगरे ने 4 विकेट, हर्ष साहू ने तीन, परगु आर्यन एवं के अभिनव ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

इसके पहले तीसरे दिन के खेल में 28 मई गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। धमतरी में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू टीम पहली पारी के अपने 27 मई के स्कोर 7 विकेट पर 368 रन से आगे खेलते हुए 407 रन बनाकर आउट हो गई। अनमोल राज सिंह ने 174 रन और पेरगु आर्य नॉट ने आउट 48 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के आशुतोष अवस्थी एवं आदित्य बैड़वाल ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने पहली पारी में दो विकेट पर 186 रन बनाए। आदित्य बैडवाल ने 96 रन और यश शर्मा ने नॉट आउट 81 रन बनाए। गेंदबाजी रायपुर ब्लू पंचम डोंगरे ने दो विकेट लिए।

### खुर्सीपार टाइटन की 8 रन से जीत



**भिलाई।** इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर प्रो सॉफ्ट बॉल लीग क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में रखी गई थी। फाइनल मैच में खुर्सीपार टाइटन एवं शिवा-11 के बीच रोमांचक मुकाबले में खुर्सीपार टाइटन की टीम ने 8 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच माधव राव थे। जिनकी बोलिंग एनालिसिस (3-7-6) रही। फाइनल मैच एवं परितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं पूर्व अध्यक्ष भिलाई भारतीय जनता युवा मोर्चा रविंद्र सिंह थे। बल्लेबाजी में खुर्सीपार टाइटन ने 7 विकेट पर 113 रन बनाए। ए वाहिद खान ने नॉट आउट 23 रन, जीतू ने नॉट आउट 16, राजा ने 15 रन एवं प्रसून सिंह राजपूत ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में शिव-11 के रूपेश सिंह राजपूत एवं हर्ष सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए। रामू ने एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में शिव-11ने 9 विकेट पर 105 रन बनाए। रुपेश सिंह राजपूत ने 28 रन, कप्तान एस टी हरि ने 27 रन, विनय गोविंदानी ने 15 रन एवं रामू ने नॉट आउट 11 रन बनाए। गेंदबाजी में खुर्सीपार टाइटन के माधव राव ने 6 विकेट लिए। अभिषेक जैन ने 2 और तरुण यादव ने एक विकेट लिए। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं पियूष साहू और स्कोरर अरुण यादव थे। इस प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन श्रीनू (खुर्सीपार टाइटन), बेस्ट बॉलर नवीन (खुर्सीपार टाइटन), बेस्ट विकेट कीपर सार्थक (खुर्सीपार टाइटन), बेस्ट फील्डर कार्तिक (मोक्ष -11), फेयर प्ले अवार्ड सम्राट-11 की टीम को, अनुशासित टीम अनजाने ब्लास्टर की टीम, प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट हरिहरन शिव-11 को दिया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनिल सिंह, भूपेंद्र (पार्षदखुसीपार) राधेश्याम, वीरेंद्र गोस्वामी ,विक्की, श्रीनू, विवेक सिंघम एवं बंटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एम एचवी कृष्णा राव ने किया। यह जानकारी आयोजक जयप्रकाश आर्य ने दी।

### ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर में शामिल हुए उभरते खिलाड़ी



**रायपुर।** रायगढ़ जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला स्तरीय निशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर का आयोजन नटवर स्कूल मैदान में 5 मई से 26 मई तक किया गया। जिसमें उभरते हुए लगभग 80 प्रतिभागी शामिल हुए। इस शिविर में अनुभवी खिलाड़ियों ने फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया। जिसमें फिजिकल एक्टिविटी फुटबॉल के बेसिक स्किल, पासिंग, ड्रिबलिंग की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई थी। यह प्रशिक्षण विगत 15 वर्षों से दिया जाता रहा है। शिविर के कोच शारदा सिंह गहलोत के अलावा विजेंद्र यादव, संतोष यादव और प्रमोद थे।

---

### सिर्फ तनाव से निपटने के लिए ही नहीं और भी कई जरूरी काम करता है कोर्टिसोल

# कोर्टिसोल हार्मोन का शरीर में संतुलन जरूरी, इसके बढ़ने-घटने का सीधा असर होता है आपकी सेहत पर

कोर्टिसोल एक जरूरी हार्मोन है, जो एड्रिनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहा जाता है क्योंकि तनाव के समय इसका स्त्राव तेजी से बढ़ जाता है। हालांकि कोर्टिसोल सिर्फ तनाव से निपटने के लिए ही नहीं शरीर में और भी कई जरूरी काम करता है। जब शरीर में इसका असंतुलन होने लगता है तो इससे कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

हमारे शरीर में निरंतर कुछ न कुछ गतिविधि होती रहती है। शरीर के सभी कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए बाकायदा एक सिस्टम काम करता है, इसमें हार्मोन्स का विशेष भूमिका होती है।

हार्मोन, हमारे शरीर में विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले रासायनिक संदेशवाहक होते है जैसे कि शरीर की वृद्धि-विकास, मेटाबॉलिज्म, मनोदशा और अन्य कार्य। कोर्टिसोल भी ऐसा ही एक अति महत्वपूर्ण हार्मोन है जो शरीर के लिए कई प्रकार से बहुत जरूरी है।

कल्पना कीजिए कि आपका शरीर एक बड़ी कंपनी है, जहां हर हार्मोन एक किसी विभाग प्रमुख की भूमिका निभाते हैं। इस कंपनी में कोर्टिसोल नामक हार्मोन संकट प्रबंधन का कार्य करता है। जैसे ही शरीर को कोई समस्या महसूस होती है (तनाव, चोट या बीमारी)



उसी समय कोर्टिसोल तुरंत सक्रिय हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोर्टिसोल जीवनरक्षक हार्मोन है जो हमें कई प्रकार की समस्याओं से लड़ने की ताकत देता है। लेकिन जब शरीर में इसका असंतुलन होने लगता है तो इससे कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

#### पहले इस हार्मोन के बारे में जान लीजिए

कोर्टिसोल एक जरूरी हार्मोन है, जो एड्रिनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहा जाता है क्योंकि तनाव के समय इसका स्त्राव तेजी से बढ़ जाता है। हालांकि कोर्टिसोल सिर्फ तनाव से निपटने में ही नहीं बल्कि शरीर में और भी कई जरूरी काम करता है।



ब्लड शुगर-ब्लड प्रेशर, मेटाबोलिज्म और सोने-जागने के चक्र को मैनेज करने में भी इसकी भूमिका होती है। अगर कोर्टिसोल का स्तर लंबे समय तक अधिक या कम बना रहे, तो यह शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए जानते हैं कैसे?

#### हाई कोर्टिसोल की समस्या

हाई कोर्टिसोल कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जिनमें सबसे प्रमुख कुशिंग सिंड्रोम है। इसी समस्या से जानिए अनंत अंबानी जूझ रहे हैं, पूरी जानकारी यहां से प्राप्त कर सकते हैं।

एक अध्ययन में पाया गया कि लंबे समय तक हाई कोर्टिसोल का स्तर मस्तिष्क के हिस्से हिप्पोकैम्पस (याददाश्त और लर्निंग से जुड़ा हिस्सा) को नुकसान पहुंचा सकता है। जिसके कारण आपको मानसिक दिक्कतें होने लगती हैं। इसी तरह कोर्टिसोल हाई रहने से हृदय रोगों का खतरा भी अधिक हो जाता है क्योंकि यह सूजन और रक्तचाप दोनों को बढ़ाता है।

कोर्टिसोल बढ़ने की स्थिति वजन बढ़ने, कंधे की



हड्डियों के बीच वसा का जमाव, उच्च रक्तचाप, हाई शुगर और मांसपेशियों में कमजोरी का कारण बन सकती है। कोर्टिसोल इंसुलिन के प्रभाव को कम करता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। इसी तरह रक्त वाहिकाओं पर कोर्टिसोल का प्रभाव आपके ब्लड प्रेशर को अनियंत्रित कर सकता है।

#### कोर्टिसोल कम होने से क्या होता है?

कोर्टिसोल बढ़ने की ही तरह लो होना भी शरीर के लिए ठीक नहीं है। अगर कोर्टिसोल का स्तर सामान्य से नीचे चला जाए, तो यह भी समस्याकारक हो सकता है। इसके कारण थकान और कमजोरी, वजन घटने और भूख न लगने, ब्लड प्रेशर लो होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। लो कोर्टिसोल के कारण मूड डिसऑर्डर जैसे डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन की दिक्कत भी होने लगती हैं।

खकर और कुछ आदतों का पालन करके कोर्टिसोल को कंट्रोल रख सकते हैं।

---

## शमी का पौधा घर के किस हिस्से में रखना चाहिए, जानें वास्तु के नियम

घर में सही दिशा में लगा हुआ शमी का पौधा आपके घर की उन्नति के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। अगर आप इसे सही दिशा में लगाते हैं तो इसके कई गुना लाभ मिल सकते हैं। ईशान कोण जिसे उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है, यह सकारात्मक ऊर्जा और देवताओं का स्थान माना जाता है, जबकि शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जिसकी ऊर्जा ईशान कोण के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती। इसलिए, इसे सही दिशा में लगाने से घर में शुभ फल मिलते हैं, लेकिन गलत दिशा में रखने से नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी दे जानें कि शमी का पौधा ईशान कोण में लगाने से क्या होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से, शमी का पौधा शनि दोष, साढ़ेसाती और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। यदि कुंडली में शनि की दशा प्रतिकूल हो, तो प्रत्येक शनिवार शमी के पेड़ पर जल चढ़ाने और इसकी पूजा करने से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। इसे घर में लगाने से वास्तु दोष समाप्त हो सकता है और आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। कई लोग शमी की टहनी को शुभ मानकर इसे घर के प्रवेश द्वार पर भी लगाते हैं। शमी का पौधा न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी माना जाता है।

### शमी का पौधा ईशान कोण में क्यों नहीं लगाना चाहिए

शमी का पौधा हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में शुभ माना जाता है, लेकिन इसे लगाने की दिशा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी के पौधे को ईशान कोण में लगाने से नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं, जो घर के सुख-समृद्धि और शांति को प्रभावित कर सकते हैं। ईशान कोण देवताओं और



जल तत्व से जुड़ा होता है। यह स्थान घर में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जो गंभीरता और कठोरता का प्रतीक है। इसे ईशान कोण में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा बाधित हो सकती है। शमी का पौधा नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों को दूर करता है, लेकिन इसे सही दिशा में न लगाने पर यह घर में अशांति और बाधाओं को बढ़ा सकता है। ईशान कोण में इसे लगाने से परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### महाभारत में अर्जुन ने शमी वृक्ष की पूजा करके विजय प्राप्त की

महाभारत के युद्ध में अर्जुन की विजय के पीछे शमी वृक्ष का विशेष महत्व रहा है। जब पांडवों को अपने अज्ञातवास का अंतिम वर्ष बिताना था, तब उन्होंने अपने दिव्य अस्त्र-शस्त्र शमी वृक्ष में छिपा दिए थे। युद्ध के समय, अर्जुन ने सबसे पहले शमी वृक्ष की पूजा की और फिर अपने शस्त्र उठाकर युद्ध भूमि में उतरे। ऐसा माना जाता है कि शमी वृक्ष शक्ति, विजय और नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा प्रदान करता है।

---

## साउथ इंडियन स्टाइल में बनाना है लेमन राइस, तो ना करें ये गलतियां



अक्सर यह देखने में आता है कि लोग लेमन राइस बनाते समय अनजाने में कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिसकी वजह से इस डिश का टेस्ट ज्यादा खट्टा या फिर एकदम बेस्वाद हो सकता है।

### गरम चावल का इस्तेमाल करना

कई बार यह देखने में आता है कि लोग चावलों को पकाने के तुरंत बाद गरम-गरम चावल में ही नींबू और तड़का डाल देते हैं। जबकि आपको यह गलती करने से बचना चाहिए। इससे ना केवल चावल चिपचिपे हो जाते हैं, बल्कि नींबू का स्वाद भी उड़ जाता है। कोशिश करें कि आप लेमन राइस बनाने के लिए बचे हुए ठंडे चावल का इस्तेमाल करें। अगर वे फ्रिज वाले हों तो और भी बढ़िया। इससे चावल अलग-अलग रहते हैं और मसाले अच्छे से घुल जाते हैं।

### गरम पैन में नींबू का रस डालना

कभी भी तड़के या गरम चावल में सीधा नींबू रस डालने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे नींबू की वह फ्रेशनेस वाला टेस्ट उड़ जाता है और हल्का कड़वापन आ जाता है। इसलिए ध्यान दें कि जब चावल थोड़ा ठंडा हो जाए, तभी आप उसमें नींबू रस डालें। इससे आपको लेमन राइस का वह असली खट्टेपन का टेस्ट आएगा।

### तड़के में गड़बड़ी करना

लेमन राइस बनाते समय बहुत अधिक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर आप सही तरह से तड़का नहीं लगाते हैं तो इससे चावलों का स्वाद बिल्कुल भी अच्छा नहीं आता है।

---



## गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं महिलाएं, बचाव के लिए कीजिए जरूरी उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।

दुनियाभर में जिस तरह से क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, इसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। स्वस्थ जीवन जीने की चाहत हर किसी की होती है, लेकिन गड़बड़ जीवनशैली, तनाव, खानपान की आदतों और हार्मोनल बदलाव कम उम्र में ही कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।



महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल में लैंगिक असमानताओं को दूर करने, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, बीमारियों से बचाव को लेकर सावधान और जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस साल भी बुधवार को दुनिया भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता आ सके।

### आर्थराइटिस की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, वैसे तो बीमारियां किसी को भी और किसी भी उम्र में हो सकती हैं, हालांकि 50 की उम्र के बाद महिलाओं की सेहत कई प्रकार से प्रभावित होने लग जाती है। इसके पीछे कई जैविक, हार्मोनल और जीवनशैली संबंधी कारण जिम्मेदार हो सकते हैं।

यही वजह है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिस, सांस की समस्या और एनीमिया के मामले काफी ज्यादा देखे जाते हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान के कारण भी आपमें गठिया का जोखिम अधिक हो सकता है।

### महिलाओं में थायरॉइड का जोखिम

अमेरिकन थायरॉइड एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक लोग इस विकार का शिकार हैं। थायरॉइड विकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों, महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में थायरॉइड की समस्याओं का अधिक जोखिम होता है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायरॉइड विकार की आशंका 8 से 10 गुना अधिक होती है। महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन (जैसे प्रेग्नेंसी, पीरियड्स, मेनोपॉज आदि) उन्हें इस विकार के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।



---

कार्नर न्यूज

### अपने लिविंग रूम को दें मौजूदा वक्त के हिसाब से नया लुक

# लिविंग रूम होता है आपके दिल के करीब, इसे परफेक्ट लुक देने इन टिप्स से करें मेकओवर

घर का सबसे खास हिस्सा लिविंग रूम होता है, जहां परिवार एक साथ बैठकर वक्त बिताता है। इतना ही नहीं बल्कि मेहमानों के आने पर उनका आव-भगत भी किया जाता है। अब ऐसे में इस रूम का आरामदायक होना बहुत जरूरी होता है। अगर आप भी अपने लिविंग रूम को 2025 के नए ट्रेंड के हिसाब से थोड़ा बदलना चाहते हैं, तो यहां आज हम आपको 7 आसान और काम आने वाले प्रो टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

घर का सबसे जरूरी हिस्सा लिविंग रूम होता है। यही वो जगह है जहा पूरा परिवार एक साथ बैठता है, बातें करता है, टीवी देखता है। इसलिए ये जगह जितनी आरामदायक होनी चाहिए, उतनी ही सुंदर भी दिखनी चाहिए।अगर आप चाहती हैं कि आपका लिविंग रूम 2025 के नए ट्रेंड्स के साथ चले, तो उसके लिए बड़े बदलाव करने की जरूरत नहीं है। बस आप कुछ छोटे-छोटे लेकिन समझदारी से किए गए चेंजेस से अपने कमरे को नया और ट्रेंडी लुक दे सकती हैं। इस लेख में आज हम आपको इंटीरियर डिज़ाइन की जानी-मानी एक्सपर्ट सोनाली अशर द्वारा सुझाव गए ऐसे 7 आसान और असरदार टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके लिविंग एरिया को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। ये टिप्स न सिर्फ स्टाइल के हिसाब से काम आएंगे, बल्कि आपके कमरे को और ज्यादा आरामदायक भी बनाएंगे।





#### गर्म रंगों का इस्तेमाल करें

पहले जहां लोग सफेद रंग का इस्तेमाल करते हैं। अब इस रंग को करने से ऐसा लगता मानो नए ट्रेंड के साथ हम खुद को फिट नहीं कर पा रहे हैं। अब ऐसे में आप व्हाइट कलर की जगह ऑलिव ग्रीन, डार्क ब्राउन, नेवी ब्लू और मेरून कलर ट्राई कर सकती हैं। ये कलर्स न केवल रूम को स्टाइलिश बनाते हैं बल्कि उसमें गहराई और उत्साह का जुड़ाव होता है।

#### फर्नीचर और दीवारों में अलग-अलग बनावट लाएं

चमकदार लकड़ी, मखमल के सोफे या हाथ से बने गलीचे का इस्तेमाल करके लिविंग एरिया को खूबसूरत बना सकती हैं। बता दें कि ये सभी चीजें आपके कमरे में खूबसूरती और लग्जरी फील जोड़ते हैं। साथ ही चीजें ऐसी चुनें जो देखने और छूने में भी खास लगें।

#### लाइटिंग को स्टाइल का हिस्सा बनाएं

पहले लोग लाइट का इस्तेमाल केवल रोशनी के लिए करते थे। लेकिन बदलते समय के साथ लाइट्स कमरे को स्टाइलिश बनाने में अहम रोल निभा रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स रुम को एथेंटिक बनाने के साथ ही पूरे कमरे का मूड तय करती है। डेकोरेटिव लैंप, दीवार पर स्टाइलिश लाइट या हैंगिंग लाइट लगाकर अपने लिविंग रूम को खास बनाएं।

#### फर्नीचर का सही करें चुनाव

चौकोर डिजाइन वाले फर्नीचर के बजाय घुमावदार किनारों वाले या अलग डिजाइन वाले सोफे और कुर्सियां खरीदें। साथ ही, ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें जो जगह भी बनाए और दिखने में भी अच्छा हो।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सिंगर रिकी के लाइव शो को दौरान मचा बवाल, फैन ने की ऐसी हरकत रोकना पड़ा



सिंगर रिकी मार्टिन के लाइव शो के दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे कुछ देर के लिए इस कॉन्सर्ट को रोकना पड़ गया।

गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली।

रिकी मार्टिन के शो में हुई इस घटना के बाद उनकी प्रचारक रोंडाइन अल्काला ने इसपर टीम की तरफ सो बयान दिया। उन्होंनें कहा, 'एक व्यक्ति ने मंच की ओर आंसू गैस छोड़ीर, जिसके कारण रशो में अचानक रुकावट आ गई क्योंकि दर्शक उस क्षेत्र से हट गए और उन्हें सहायता दी गई।' इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मार्टिन की टीम ने उन्हें शो जारी न रखने की सलाह दी थी। जब स्थिति नियंत्रित हो गई तब सिंगर दोबारा मंच पर आ गए।

रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में की थी। उन्होंने बॉय बैंड 'मेनुडो' से म्यूजिक इंड्स्ट्री में पहला कदम रखा था। जिसके बाद उनका संगीत 1990 के दशक में काफी पॉपुलर हुआ। लैटिन संगीत को वर्ल्ड प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने में उनका बड़ा योगदान रहा।

### टॉलीवुड

## बाबिल ने शुरू की इस मलयालम फिल्म की शूटिंग, इंडस्ट्री को बताया बेमिसाल



बाबिल खान ने मलयालम फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने मलयालम सिनेमा और अपकमिंग फिल्म के कलाकारों के बारे में कई बातें कही हैं।

अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली मलयालम फिल्म 'गांधी बाजार संडे मार्केट' की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने फिल्ममेकर बाबू जनार्दन कर रहे हैं। यह बाबिल खान के अभिनय करियर में एक नए दौर की शुरुआत है।

'एक्टर्स की चिंता जायज है', सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के एक्टिंग करने पर बोलीं कुशा कपिला; कहा- कलाकार कहीं से कश्मीर की सर्दियों में शूटिंग कर रहे कार्तिक आर्यन, इस निर्देशक के साथ फिर बनी जोड़ी; सामने आया

20 साल पुरानी इस फिल्म की वजह से सैफ अली खान को मिली 'हैवान'; एक्टर बोले- 'कुछ रोल वर्षों बाद मौके दिलाते हैं' अपकमिंग फिल्म 'गांधी बाजार संडे मार्केट' में अपर्णा बालमुरली, दीपक परंबोल, निखिल नायर, जॉनी एंटनी, जगदीश, सुधीर करमना, आथमिया राजन और जयशंकर जैसे कलाकार होंगे।

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बारे में बात करते हुए, बाबिल ने बताया कि वह हमेशा से मलयालम सिनेमा और उसकी कहानी कहने के अंदाज से प्रभावित हैं।

उन्होंने कहा 'मलयालम सिनेमा ने हमेशा मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह बनाई है। यहां कहानियां जिस ईमानदारी, संवेदनशीलता और भावनात्मक गहराई के साथ कही जाती हैं, वह बेमिसाल है। सिलीगुड़ी में 'गांधी बाजार संडे मार्केट' की शूटिंग शुरू करना मेरे लिए बेहद रोमांचक और रचनात्मक है।'

### भोजपुरी

## खेसारी का नया गाना 'ससुरवा में का करबू?' का पोस्टर आया, फिर धमाका करने को तैयार



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में जब भी किसी बड़े स्टार के नए गाने की आहट मिलती है, फैंस के बीच एक्साइटमेंट अपने आप बढ़ जाता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना 'ससुरवा में का करबू?' जल्द रिलीज होने वाला है और इसके पोस्टर ने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। खास बात ये है कि अभी गाने की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन पोस्टर पर लिखे कमिंग सून ने फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ा दिया है। खेसारी लाल यादव भोजपुरी सिनेमा का बड़ा नाम हैं, उनकी एक्टिंग को तो लोग पसंद करते हैं, लेकिन इसके साथ ही साथ उनके गानों की भी खूब चर्चा होती है। इस साल की शुरुआत से लेकर अभी तक खेसारी लाल यादव का कई गाना रिलीज हो चुका है, जिसे लोगों ने पसंद किया है। अब सुपरस्टार अपने नए गाने के साथ दस्तक देने वाले हैं। गाने का नाम 'ससुरवा में का करबू?' है। गाने को खेसारी लाल के साथ शिल्पी राज ने आवाज दी है। पोस्टर की बात करें, तो इसमें खेसारी एक्ट्रेस रानी के साथ नजर आ रहे हैं और उनके इर्द-गिर्द कई सारे और लोग भी दिख रहे हैं। भोजपुरी गानों में अक्सर मजेदार और देसी अंदाज वाले टाइटल फैंस को खूब पसंद आते हैं और यही वजह है कि पोस्टर सामने आते ही लोग इस गाने को लेकर अनुमान लगाने लगे हैं। कई यूजर्स का मानना है कि ये गाना रोमांटिक-फन स्टाइल में होगा, तो कुछ इसे पूरी तरह मस्ती भरा डांस नंबर बता रहे हैं।




इंडस्ट्रियल फ़ैशन की शुरुआत

> इंडस्ट्रियल फ़ैशन की जड़ें औद्योगिक क्रांति में हैं—एक ऐसा दौर जिसने मैन्युफ़ैक्चरिंग प्रक्रियाओं और समाज के पूरे स्वरूप में एक बड़ा बदलाव लाया। इस दौर में फ़ैक्टरियों, मशीनों और शहरीकरण का उदय हुआ, जिसने उस समय के सौंदर्यबोध पर गहरा असर डाला। इंडस्ट्रियल मशीनों और वास्तुकला की उपयोगितावादी प्रकृति डिज़ाइनरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी, जिससे इंडस्ट्रियल फ़ैशन का जन्म हुआ।

## चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ा देगा ये लाल फेस पैक, स्किन है डल तो आजमाएं

बदलते मौसम का असर सेहत के साथ-साथ स्किन पर भी देखने को मिलता है। खासतौर पर अब जब मौसम गर्मी का हो रहा है, और बीच-बीच में बारिश भी हो रही है, तो स्किन काफी डल होने लगती है। डल स्किन का ध्यान यदि सही से न रखा जाए तो चेहरा अजीब दिखने लगता है। इसी के चलते लोग महंगी-महंगी क्रीमों और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, ताकि वो अपनी त्वचा का ध्यान रख पाएं। लेकिन कई बार इन प्रोडक्ट का भी कोई असर देखने को नहीं मिलता है। इसी के चलते हम आज यहां आपको एक ऐसे लाल फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा एकेदम से खिल उठेगा। खास बात तो ये है कि इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने और किसी भी ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पैक को बनाने का सामान



इस पैक को बनाने के लिए जो सबसे मुख्य सामग्री है वो है चुकंदर। इसके अलावा दही और थोड़ा सा शहद भी इस पैक को सही तरह से बनाने में आपकी मदद करेगा।

### ऐसे करें तैयार

फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले या तो चुकंदर को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें, नहीं तो आप इसे ब्लेंड कर सकते हैं। यदि आपने इसे ब्लेंड किया है, तो चुकंदर के पेस्ट में थोड़ा सा सही मिक्स करें। दही के साथ-साथ इसमें थोड़ा सा शहद भी डालें, क्योंकि ये आपकी स्किन को मुलायम रखने का काम करेगा। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

अब पारी आती है इस पैक को सही से इस्तेमाल करने की तो उसके लिए सबसे पहले तो अपने चेहरे को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। इसके लिए किसी अच्छे क्लींजर का इस्तेमाल करें। जब चेहरा अच्छी तरह से साफ हो जाए तो उसपर चुकंदर के पेस्ट की एक पतली लेयर अप्लाई करें। अब इस पैक को ऐसे ही लगा रहने दें। आधे घंटे के बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर साफ करें। चेहरा साफ करने के बाद उसपर अच्छी क्रीम जरूर अप्लाई करें।

## ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन



इन दिनों गाउन काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। गाउन आपको कई सारे ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती हैं और गाउन स्टाइल करने का सोच रही हैं। तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए गाउन स्टाइल कर सकती हैं। यह गाउन जहां ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है तो साथ ही, इन गाउन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन



ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए हम आपको 4 लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन दिखा रहे हैं। इस तरह के गाउन को आप सस्ते कीमत में खरीदकर ट्रेडिशनल लुक पा सकती हैं। वहीं, इन गाउन को आप सगाई, पार्टी साथ ही, कई सारे खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं।

### सेक्विन्स वर्क गाउन



ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के सेक्विन्स वर्क गाउन का भी चुनाव कर सकती हैं। इस सेक्विन्स वर्क गाउन में आपका लुक रॉयल नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। यह गाउन आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएगा जिसे आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### नेट गाउन

न्यू और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के नेट वाले गाउन का भी चुनाव कर सकती है और इस नेट गाउन को आप सगाई या किसी खास मौके पर स्टाइल कर सकता है। इस गाउन को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको गाउन 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।

### कट दाना वर्क गाउन

ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए आप इस तरह के कट दाना वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं।

## टैनिंग को चुटकियों में गायब कर सकता है गेंहू का आटा, जानें इस्तेमाल का तरीका



आपने जिद्दी टैनिंग को हटाने के लिए तरह-तरह की महंगी-महंगी क्रीमों और स्क्रब का इस्तेमाल तो किया होगा, पर क्या आपने किसी ऐसी चीज का इस्तेमाल किया है जो हमेशा आपकी रसोई में रहती है। हम बात कर रहे हैं रसोई में रखे गेंहू के आटे की, जिसमें पाए जाने प्राकृतिक एंजाइम्स और एक्सफोलिएटिंग गुण त्वचा पर डेड स्किन को जमने नहीं देते हैं। इसके इस्तेमाल से हाथ-पैरों की टैनिंग पूरी तरह से साफ हो जाती है। खास बात ये है कि इसका इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। तो बस आइए आपको भी बताते हैं इसके इस्तेमाल का सही तरीका और फायदे।

गेंहू के आटे से टैनिंग हटाने के लिए 2 बड़े चम्मच गेहूं का आटा,यदि आपकी स्किन ड्राई है तो 1 बड़ा चम्मच दूध,यदि आपकी स्किन ऑयली है तो गुलाब जल,1 चुटकी हल्दी और 1 छोटा चम्मच नींबू का रस पूरी तरह से वैकल्पिक है, का पेस्ट तैयार करें।

जब इसका पेस्ट तैयार हो जाए तो अब बारी आती है इसे अप्लाई करने की। इसके लिए सबसे पहले टैनिंग प्रभावित त्वचा को अच्छी तरह से धो लें। गंदी त्वचा पर पेस्ट लगाने का कुछ फायदा है नहीं। त्वचा को धोने के बाद पेस्ट की एक पतली लेयर टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। 20 मिनट इसे ऐसे ही सूखने दें। जब ये सूख जाए तो हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में तीन बार कर सकते हैं।

### जानें इसके फायदे

इस पैक को इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि इससे टैनिंग छूमंतर हो जाएगी। यदि आप नियमित रूप से इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपकी त्वचा पर जमी डेड स्किन एक्सफोलिएट होकर साफ हो जाएगी। जिस कारण त्वचा की रंगत अपने आप निखरने लगती है। इसी कारण टैनिंग भी धीरे-धीरे पूरी तरह से साफ हो जाती है।

## वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करने के बड़े हैं नुकसान, आपको भी जानना चाहिए

आंखों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं कई प्रकार के मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन प्रोडक्ट में काजल, आईलाइनर, आईशैडो और मस्कारा शामिल रहता है। बात करें मस्कारा की तो एक अच्छा मस्कारा आईलैशेज यानी कि पलकों को घना दिखने में मदद करता है। गर्मी के मौसम में ज्यादातर महिलाएं वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करती हैं, ताकि पसीने से ये बहे नहीं। इसके इस्तेमाल से लुक तो अच्छा दिखने लगता है, पर क्या आप जानती हैं कि वाटरप्रूफ मस्कारा आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचाता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, ताकि आप भी वाटरप्रूफ मस्कारा सोच-समझ के ही इस्तेमाल करें।

### पलकों को कर देता है ड्राई

यदि आप रोजाना वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करती हैं, तो ये पलकों को काफी रूखा कर देगा। इसके बाद पलकें अपने आप ही झड़ने लगती हैं, क्योंकि वाटरप्रूफ मस्कारा में मौजूद केमिकल्स पलकों को काफी ज्यादा ड्राई कर देते हैं, जो काफी खतरनाक है।



### साफ करने के लिए लगती है मेहनत

जब भी आप वाटरप्रूफ मस्कारा इस्तेमाल करते हैं तो पलकों पर अच्छी तरह से जम जाता है, जिसे आप सिर्फ धोकर तो साफ नहीं कर सकते। इसके लिए आपको मेकअप रिमूवर की जरूरत पड़ेगी। ज्यादा मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल भी आपकी पलकों को कमजोर बना सकता है। कई मस्कारा तो ऐसे होते हैं, जिन्हें हटाने के लिए वाइप्स से रगड़ना पड़ता है, वरना ये हटता नहीं हैं। रगड़ने की वजह से पलके अपने आप में ही कमजोर होने लगती हैं, और झड़ने लगती हैं। वाटरप्रूफ मस्कारा में पाए जाने वाले तत्व आंखों को भी ड्राई करते हैं, जिस कारण आंखों में धीरे-धीरे जलन होने लगती है।

कार्नर न्यूज

### कलर कॉम्बिनेशन बताता है आपके व्यक्तित्व के राज भी

## स्टाइलिश लुक के लिए कलर कॉम्बिनेशन को जरूर अपनाएं, नजरें टिकी रहेंगी सिर्फ आप पर

गुड लुकिंग दिखने के लिए कपड़ों का रंग और उनका सही कॉम्बिनेशन बहुत मायने रखता है। सही रंग न केवल आपके व्यक्तित्व को उभारते हैं, बल्कि आपकी आत्म-विश्वास को भी बढ़ाते हैं। रंगों का प्रभाव मानसिकता पर भी होता है और उनका सही चयन आपकी स्थिति और प्रभाव को मजबूत बना सकता है। आइए, हम कुछ ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन पर विस्तार से चर्चा करते हैं जो पुरुषों के लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बना सकते हैं।

### ब्लैक और व्हाइट

ब्लैक और व्हाइट का कॉम्बिनेशन क्लासिक और टाइमलेस है। यह बहुत ही सिंपल और सॉलिड लुक देता है। ब्लैक शर्ट के साथ व्हाइट पैंट या व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक जींस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह संयोजन आपकी त्वचा के रंग को उभारने में मदद करता है और एक सशक्त, प्रोफेशनल और एलिगेंट लुक देता है। ब्लैक जाकेट के साथ व्हाइट टी-शर्ट या व्हाइट पैंट्स के साथ ब्लैक शर्ट पहनकर एक स्मार्ट लुक मिल सकता है।



### नेवी ब्लू और ग्रे

नेवी ब्लू और ग्रे का संयोजन एक सॉफ्ट और सूक्ष्म तरीके से आकर्षण उत्पन्न करता है। यह संयोजन ऑफिस, पार्टी और कैजुअल दोनों ही अवसरों पर फिट बैठता है। नेवी ब्लू टॉप और ग्रे पैंट्स एक शांत और शार्प लुक देने का काम करते हैं। इसके अलावा यह संयोजन किसी भी त्वचा के रंग पर अच्छा लगता है। नेवी ब्लू ब्लेज़र के साथ ग्रे स्लैक पैंट्स या ग्रे शर्ट के साथ नेवी ब्लू जींस पहन सकते हैं।

### ऑलिव ग्रीन और बेज

ऑलिव ग्रीन और बेज का संयोजन एक नेचुरल और आरामदायक लुक देता है। यह विशेष रूप से आउटडोर या कैजुअल लुक के लिए अच्छा है। ऑलिव ग्रीन जैकेट या शर्ट बेज पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। यह लुक हल्का और शांतिपूर्ण होता है, और ग्रीष्मकालीन आउटफिट के लिए परफेक्ट है। ऑलिव ग्रीन शर्ट के साथ बेज चोकर पैंट्स या बेज जैकेट के साथ ऑलिव ग्रीन पैंट्स पहन सकते हैं।

### बर्गंडी और ब्लैक

बर्गंडी और ब्लैक का संयोजन एक गहरे और आकर्षक लुक को दिखाता है। यह रंग संयोजन विशेष रूप से सर्दियों में बहुत अच्छा दिखता है। बर्गंडी का गहरा रंग ब्लैक के साथ शानदार तरीके से मेल खाता है, और यह आकर्षक लेकिन गंभीर लुक देने का काम करता है। बर्गंडी स्वेटर के साथ ब्लैक जींस या बर्गंडी जैकेट के साथ ब्लैक पैंट्स पहन सकते हैं।

### लाइट ब्लू और व्हाइट

लाइट ब्लू और व्हाइट का संयोजन एक ताजगी से भरा और फ्रेश लुक देता है। यह रंग संयोजन गर्मियों में खासतौर पर अच्छे लगते हैं। लाइट ब्लू शर्ट और व्हाइट पैंट्स एक क्लीन और सॉफ्ट लुक प्रदान करते हैं। यह लुक आरामदायक और आकर्षक होता है। लाइट ब्लू शर्ट के साथ व्हाइट chinos या लाइट ब्लू टी-शर्ट के साथ व्हाइट पैंट्स पहन सकते हैं।



### स्मोक्ड ग्रे और ब्लैक

स्मोक्ड ग्रे और ब्लैक का संयोजन एक सुपर-स्टाइलिश और कंटेम्परेरी लुक देता है। यह संयोजन अर्बन लुक को बढ़ाता है और एक गहरी, पेशेवर शैली प्रदान करता है।